



दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित




वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 15 जनवरी, 2025 | माघ कृष्ण पक्ष: द्वितीया विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 15 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12







महाकुंभ 2025

मकर संक्रांति पर 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

# अखाड़ों का भव्य अमृत स्नान

सनातनी श्रद्धालु अखाड़ों के अमृत स्नान को देखने और नागा, बैरागी साधु-संतों का आशीर्वाद पाने के लिए कतारबद्ध खड़े रहे

अर्थ प्रकाश /विजय कुमार निगम

**महाकुंभ नगर, 14 जनवरी।** तीर्थराज, प्रयागराज में सनातन आस्था के महापर्व, महाकुंभ के अवसर पर मंगलवार को मकर संक्रांति का अमृत स्नान संपन्न हुआ। अमृत स्नान के दौरान संगम तट पर 3.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। पौराणिक मान्यता के अनुसार महाकुंभ में मकर संक्रांति के स्नान को अमृत स्नान माना जाता है। आज भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने की तिथि पर परंपरा अनुसार साधु-सन्यासियों के अखाड़ों ने पूरे विधि-विधान से शोभा यात्रा निकालते हुए अमृत स्नान किया। सनातन परंपरा में आस्था रखने वाले श्रद्धालु अखाड़ों के अमृत स्नान को देखने और नागा, बैरागी साधु-संतों का आशीर्वाद पाने के लिए कतारबद्ध खड़े थे। हाथों में माले, भाले, तीर, तलवार, त्रिशूल लिए नागा साधुओं ने ब्रह्ममुहूर्त में ही संगम में अमृत स्नान किया। सहस्त्राब्दियों से चले आ रहे महाकुंभ में अमृत स्नान की अक्षुण्ण सनातन परंपरा को जीवंत होता देख आम जनमानस भाव विह्वल हो उठा। हिमालय की कंदराओं, मठों, मंदिरों में रहने वाले धर्म रक्षक नागा अपना रूप श्रृंगार कर मां गंगा की गोद में अठखेलियां करने उतर पड़े। परंपरा अनुसार आधी रात की बेला से ही अखाड़ों में अमृत स्नान की तैयारियां शुरू हो गई थी। अखाड़े परंपरा और अपने क्रम के अनुसार पूरे लाव-लश्कर के साथ संगम की ओर बढ़ते जा रहे थे।




भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम है महाकुंभ -पीएम मोदी

साधु-सन्यासियों के अखाड़ों ने शोभा यात्रा निकालते हुए किया अमृत स्नान

माले, भाले, तीर, तलवार, त्रिशूल लिए आए नागा साधु

## धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे साधु अखाड़े

महाकुंभ में पहले अमृत स्नान के दिन सभी अखाड़ों के साधु, संत सबसे आगे अपने-अपने अखाड़ों की धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। धर्म ध्वजा के पीछे अखाड़ों के नागा संन्यासी इष्ट देव के जयकारे लगाते हुए, इष्ट देव के विग्रह लेकर बाजे-गाजे, ढोल, नगाड़े बजाते हुए त्रिवेणी संगम की ओर बढ़ रहे थे। उनके पीछे-पीछे अस्त्र, शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए नागा सन्यासी, आम जन को दुर्लभ दर्शन और आशीर्वाद दे रहे थे। उनके पीछे क्रम से अखाड़ों के आचार्य, मण्डलेश्वर, महामण्डलेश्वर और आचार्य महामण्डलेश्वरों के रथ सज-धज कर चल रहे थे। अखाड़ों के आचार्यों और मण्डलेश्वर के साथ उनके अनुयायी अपने गुरुओं की जयकार करते हुए चल रहे थे। होल्डिंग एरिया से नागा सन्यासियों ने अपने आचार्यों का अनुसरण करते हुए पूरे जोश और उत्साह के साथ मां गंगा की गोद में अमृत स्नान की डुबकी लगाई। इसके साथ ही करोड़ों की संख्या में सनातन धर्मावलंबियों ने भी आस्था का अमृत स्नान किया।

## अमृत स्नान की शुरुआत


अमृत स्नान की शुरूआत महानिर्वाणी अखाड़े के स्नान के साथ हुई। इसके बाद पूर्वनियोजित कार्यक्रम के अनुसार निरंजनी अखाड़ा, पंचदशनाम जूना अखाड़े के साथ आवाह्न और पंच अग्नि अखाड़े के नागा साधुओं ने स्नान किया। इनके बाद क्रमश: श्री पंच निर्मोही, पंच दिगंबर अनि और श्री पंच निर्वाणी अनि के बैरागी अखाड़ों ने अमृत स्नान किया। अमृत स्नान में अंतिम क्रम उदासीन अखाड़ा और निर्मल अखाड़े के साधु-सन्यासियों के स्नान का था।

(शेष पेज दो पर)

## मुख्यमंत्री खुद दे रहे हैं सोशल मीडिया पर जानकारी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी खुद जानकारी दी। सीएम योगी ने बताया कि प्रथम अमृत स्नान पर्व पर मंगलवार को 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों, श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। इससे पहले महाकुंभ के पहले दिन अमृत स्नान पर 1.50 करोड़ से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आस्था, समता और एकता के महासमागम महाकुंभ-2025 प्रयागराज में पावन मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों एवं श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया।



### मैंने सुकून की तलाश में यह जीवन चुना

महाकुंभ में प्रवेश के दौरान जब उनसे पत्रकारों ने साध्वी से बनने के निर्णय पर सवाल किया। इस पर हर्षा ने जवाब दिया कि मैंने सुकून की तलाश में यह जीवन चुना है। मैंने वह सब छोड़ दिया जो मुझे आकर्षित करता था। मैं सबकुछ छोड़कर ही संन्यास की राह में आई हूं। उन्होंने बताया कि वह उत्तराखंड से हैं और दो साल पहले संन्यास लिया था। **साध्वी हर्षा रिछारिया**

## न्यूज़ ब्रीफ

### स्कूलों में धमकी देने वाले छात्र पर आप व भाजपा की राजनीति

**नई दिल्ली (अप्रस)।** दिल्ली के 400 स्कूलों में बम की फर्जी धमकी देने वाले के बारे में नई जानकारी सामने आई है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी 12वीं का स्टूडेंट है। उसकी फैमिली एक एनजीओ के संपर्क में थी, जो अफजल गुरु की फांसी का विरोध कर रहा था। पुलिस ने बताया कि हमारी टीमों ने 8 जनवरी को आए ई-मेल के बाद नाबालिग को ट्रैक किया। ई-मेल भेजने वाला नाबालिग था, इसलिए टीम ने फोरेंसिक जांच के लिए उसका लैपटॉप और मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि नाबालिग को हिरासत में नहीं लिया गया है। दरअसल, दिल्ली में 2024 में मई से लेकर दिसंबर तक 50 बार बम की धमकियां भेजी गईं। इसमें सिर्फ स्कूल ही नहीं अस्पताल, एयरपोर्ट और एयरलाइन कंपनियां भी शामिल हैं। इस महीने 4 बार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है।

### तीसरी आंख




### किसान आंदोलन में बड़ा ऐलान, 111 किसान शुरू करेंगे आमरण अनशन

## डल्लेवाल के लिए जान कुर्बान करने को तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटियाला।** शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में बड़ा एलान किया गया है। फसलों की एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के मरणव्रत को मंगलवार को पूरे 50 दिन हो चुके हैं। ऐसे में डल्लेवाल के समर्थन में 111 किसान भी आमरण अनशन शुरू करेंगे।

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन मंगलवार को 50वें दिन भी जारी रहा। डॉक्टरों ने मेडिकल बुलेटिन जारी करते हुए कहा कि पिछले 48 घंटे से डल्लेवाल को पानी पीने में दिक्कत आ रही है। जितना पानी वो पीते हैं, वो उल्टियों के तौर पर बाहर आ जाता है। उनके शरीर के अंग अंदर से काम करना बंद कर रहे हैं। इसलिए उनका शरीर पानी भी स्वीकार नहीं कर रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि उनका शरीर मल्टीपल ऑर्गन फेलियर की तरफ बढ़ रहा है, जो बेहद चिंताजनक स्थिति है।

इसी बीच मंगलवार को किसान नेताओं अभिमन्यु कोहाड़, काका सिंह कोटड़ा आदि ने बड़ा एलान करते कहा कि डल्लेवाल के समर्थन में बुधवार को दोपहर 2 बजे 111 किसानों का जत्था काले चोगे पहनकर खनौरी बॉर्डर पर पुलिस की बैरिकेडिंग के पास शांतिपूर्ण ढंग से बैठकर आमरण अनशन शुरू करेगा।



### भाजपा नेता लोगों को कर रहे गुमराह

किसान नेताओं ने बताया कि डल्लेवाल की बिगड़ती सेहत के बावजूद केंद्र की ओर से बातचीत न करने से किसान काफी रोष में हैं। डल्लेवाल की कुर्बानी से पहले वह अपने जानें कुर्बान कर देंगे। किसान नेताओं ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून के मुद्दे पर आंदोलनकारी किसानों के साथ सार्थक चर्चा करने की बजाय कुछ भाजपा नेता लोगों को एमएसपी के मुद्दे पर गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणा के कैथल जिले से किसानों का बड़ा जत्था डल्लेवाल के समर्थन में दाता सिंह वाला-खनौरी किसान मोर्चे पर पहुंचा। इन किसानों ने एलान किया कि वे डल्लेवाल के रास्ते पर चल रहे हैं और उनके लिए अपनी जान की कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं। वहीं, बजरंग दास गर्ग के नेतृत्व में हरियाणा व्यापार मंडल की पूरी कार्यकारिणी जगजीत सिंह डल्लेवाल का समर्थन करने के लिए किसान मोर्चे पर पहुंची।

## कांग्रेस की चौथी लिस्ट में 6 महिलाएं, 2 एससी समेत 16 नाम घोषित

एक प्रत्याशी का बदला


अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार रात कांग्रेस ने 16 कैंडिडेट की चौथी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में 4 महिलाओं और 2 एससी कैंडिडेट के नाम हैं। अब तक पार्टी 63 नामों का ऐलान कर चुकी है। अब 7 सीटों पर कैंडिडेट का ऐलान बाकी है। गोकलपुर सीट से प्रत्याशी बदला गया है। पहले यहां से प्रमोद कुमार जयंत को टिकट दी गई थी। उनकी जगह पार्टी ने ईश्वर बागरी को प्रत्याशी बनाया है। मुंडका सीट से आम आदमी पार्टी से आए पूर्व विधायक धरम पाल लाकड़ा को टिकट दी गई है।

कांग्रेस पार्टी ने अपनी नई लिस्ट में एक और पूर्व सांसद पर भरोसा जताया है। कांग्रेस की पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ को पटेल नगर सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इस चुनावी रण में वह दावेदारी करेंगी। वहीं, एक सीट पर उम्मीदवार बदला गया है। गोकलपुर सीट से अब ईश्वर बागड़ी को टिकट दिया गया है। पहले प्रमोद कुमार जयंत का नाम घोषित किया गया था, लेकिन अब ईश्वर बागड़ी गोकलपुर सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे।

विधानसभा क्षेत्र मुंडका से कांग्रेस पार्टी ने धर्मपाल लकड़ा को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा पार्टी की तरफ से किराड़ी विधानसभा क्षेत्र से राजेश गुप्ता, मॉडल टाउन से कुंवर करण सिंह, पटेल नगर (आरक्षित) से कृष्णा तीरथ, हरि नगर से प्रेम शर्मा, जनकपुरी से हरबानी कौर, विकासपुरी से एड. जितेंद्र सोलंकी, नजफगढ़ से सुषमा यादव, पालम से मांगे राम, आर.के. पुरम से विशेष टोकस, ओखला से अरीबा खान, विश्वास नगर से राजीव चौधरी, गांधी नगर से कमल अरोड़ा, शाहदरा से जगत सिंह, घोंडा से भीष्म शर्मा और गोकलपुर (आरक्षित) से ईश्वर बागड़ी को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान 5 फरवरी को सिंगल फेज में होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक कुल 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1,261 थर्ड जेंडर को मिलाकर कुल 1.55 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नतीजे का ऐलान 8 फरवरी को होगा। चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही दिल्ली में चुनाव 'आदर्श आचार संहिता' लागू हो गई है।



# गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में सुरजीत पातर सेंटर फॉर एथिकल ए.आई. स्थापित होगा : मान

महान लेखक की याद में पुरस्कार शुरू किया जाएगा

जो कीट्स ने अंग्रेजी भाषा के लिए किया, वह काम डॉ सुरजीत पातर ने पंजाबी मातृभाषा के लिए किया

राज्य में पंजाबी भाषा को और प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता दोहराई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 14 जनवरी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में अत्याधुनिक सुरजीत पातर सेंटर फॉर एथिकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्थापित करने की घोषणा की है। यहां प्रमुख कवि को श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए करवाए समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित होगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए विश्वविद्यालय को पूर्ण सहयोग और सहायता का आश्वासन दिया। भगवंत सिंह मान ने इस महान लेखक की याद में एक पुरस्कार शुरू करने की भी घोषणा की, जिससे उभरते हुए लेखकों को प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों में नियुक्तियां केवल शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में गुटबंदी को समाप्त कर शिक्षा को प्रोत्साहित करना सुनिश्चित करना हमारा मुख्य एजेंडा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि महान गुरुओं, संतों और शहीदों ने हमें अन्याय, अत्याचार और जुल्म के खिलाफ लड़ने का उपदेश दिया है।

डॉ. सुरजीत पातर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती मां के इस महान सपूत का निधन पंजाबी साहित्य के लिए एक बड़ा और अपूरणीय नुकसान है। उन्होंने कहा कि डॉ. सुरजीत पातर पंजाबी साहित्य के महान लेखकों में से एक थे और उनके साथ उनके घनिष्ठ संबंध थे, जिन्होंने उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। भगवंत सिंह मान ने पंजाबी भाषा, साहित्य और संस्कृति को प्रफुल्लित करने में डॉ. सुरजीत पातर के बहुमूल्य योगदान को याद किया, जो हमेशा लोगों की स्मृतियों में जीवित रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. सुरजीत पातर उन महान लेखकों में से एक थे, जिन्होंने हर पंजाबी के मन पर गहरी छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि जिस तरह अंग्रेजी साहित्य में प्रसिद्ध लेखक कीट्स ने अपना अमूल्य योगदान दिया, उसी प्रकार पंजाबी भाषा में यह योगदान डॉ. सुरजीत पातर का रहा। उन्होंने डॉ. पातर को एक 'महान लेखक' बताया, जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने में अतुलनीय योगदान दिया। भगवंत सिंह मान ने इस दिवंगत लेखक के साहित्यिक योगदान को याद करते हुए कहा कि वह पंजाबी के एक उत्कृष्ट साहित्यकार थे, जो अपनी शानदार रचनाओं से उभरते हुए लेखकों को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

### मुख्यमंत्री ने माघी के पवित्र पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

मुख्यमंत्री ने माघी के पवित्र पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि यह पवित्र पर्व हर साल 40 मुक्तों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने खिदराने की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दे दी थी, जिसे अब श्री मुक्तसर साहिब के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि श्री मुक्तसर साहिब में माघी का पर्व मुगलों के खिलाफ वीरतापूर्वक लड़ने वाले 40 मुक्तों के महान बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मनाया जाता है। भगवंत सिंह मान ने बताया कि इस दिन श्री मुक्तसर साहिब में गुरुद्वारा श्री टुट्टी-गंठी साहिब के पावन स्थल पर लाखों की संख्या में संगत नतमस्तक होती है।

# मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान गणतंत्र दिवस के मौके पर फरीदकोट में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

राज्य स्तरीय समारोह में लुधियाना में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** साल 2025 के गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंजाब का राज्य स्तरीय समारोह लुधियाना में आयोजित होगा। यहां पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया 26 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान फरीदकोट में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रस्म अदा करेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां साहिबजादा अजीत सिंह नगर में और डिप्टी स्पीकर जय किशन रोड़ी रूपनगर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

इसके अलावा, वित्त, योजना और कराधान एवं आबकारी मंत्री हरपाल सिंह चीमा संगरूर में, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा तथा मुद्रण एवं लेखन सामग्री मंत्री अमन अरोड़ा जालंधर में, सामाजिक न्याय और सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर बरनाला में, एनआरआई मामलों और प्रशासनिक सुधार मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल गुरदासपुर में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री डॉ. बलबीर सिंह मोगा में, राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन, जल आपूर्ति एवं स्वच्छता और आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां बठिंडा में, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले तथा वन मंत्री लाल चंद श्री मुक्तसर साहिब में और परिवहन एवं जेल मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर फाजिल्का में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

इसके अलावा, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस होशियारपुर में, ऊर्जा और लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह फिरोजपुर में, जल संसाधन, खान एवं भूविज्ञान, भूमि एवं जल संरक्षण मंत्री बरिंदर कुमार गोयल पटियाला में, पर्यटन और सांस्कृतिक मामले, निवेश प्रोत्साहन, आतिथ्य, उद्योग एवं व्यापार और ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद अमृतसर में, स्थानीय निकाय एवं संसदीय मामले मंत्री डॉ. रवजोत सिंह मलेरकोटला में, कृषि एवं पशुपालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां तरनतारन में और रक्षा सेवाएं, स्वतंत्रता सेनानी एवं बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत शहीद भगत सिंह नगर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रस्म अदा करेंगे।

# अमृतसर नगर निगम में आम आदमी पार्टी को मिली मजबूती, दो निर्दलीय पार्षद 'आप' में शामिल

कैबिनेट मंत्री कुलदीप धालीवाल ने दोनों पार्षदों का पार्टी में किया स्वागत, उचित सम्मान देने का भरोसा दिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 14 जनवरी।** आम आदमी पार्टी (आप) अमृतसर नगर निगम में लगातार मजबूत हो रही है। मंगलवार दो और निर्दलीय पार्षद आप में शामिल हो गए। अमृतसर में आयोजित एक समारोह में पार्षद अनीता रानी (वार्ड नंबर- 67) और पार्षद उषा रानी (वार्ड नंबर- 63) आधिकारिक तौर पर आम आदमी पार्टी में शामिल हुई।

कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने दोनों पार्षदों का पार्टी में स्वागत किया और आश्वासन दिया कि उन्हें पार्टी में उचित सम्मान और जिम्मेदारी दी जाएगी।


इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री धालीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी स्वच्छ और जन-केंद्रित शासन सुनिश्चित करके पंजाब को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। अनीता रानी और उषा रानी जैसे समर्पित जन प्रतिनिधियों के शामिल होने से लोगों की बेहतर सेवा करने का हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है।

मुझे विश्वास है कि वे जमीनी स्तर पर वास्तविक बदलाव लाने के आम आदमी पार्टी के मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# माघी मेले के अवसर पर स्पीकर व कैबिनेट मंत्रियों ने गुरुद्वारा टूट्टी गंडी साहिब में मत्था टेका

मुख्यमंत्री की माता श्रीमती हरपाल कौर ने भी गुरुद्वारा साहिब में मानवता की भलाई के लिए अरदास की

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**श्री मुक्तसर साहिब, 14 जनवरी।** पवित्र माघी मेले के अवसर पर पंजाब विधानसभा के स्पीकर और कैबिनेट मंत्रियों ने श्री मुक्तसर साहिब स्थित गुरुद्वारा टूट्टी गंडी साहिब में मत्था टेका।

इस दौरान गुरुद्वारा साहिब जाने वाले रास्तों पर संगत का भारी जन समूह देखा गया। विधानसभा स्पीकर स कुलतार संधवां के अलावा मत्था टेकने वाले मंत्रियों में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री अमन अरोड़ा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड़ियां, सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर और संगरूर से सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर शामिल थे। सभी ने सरबत के भले के लिए अरदास की गई।

यह उल्लेखनीय है कि गुरुद्वारा साहिब जाने वाले सभी रास्तों पर बीती रात भर श्रद्धालुओं को लंगर परोसा गया।

इस पवित्र दिवस पर मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान की माता श्रीमती हरपाल कौर ने भी गुरुद्वारा साहिब में मानवता की भलाई के लिए अरदास की।

पुलिस ने सभी रास्तों पर सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए उचित सुरक्षा प्रबंध किए थे ताकि दूर-दराज से आने वाली संगत को कोई परेशानी न हो। घोड़ा मंडी में घोड़ों का एक विशेष मेला भी आयोजित किया गया, जहां विभिन्न लोगों और व्यापारियों ने अपने घोड़े, पक्षी, विभिन्न नस्लों के कुत्ते और अन्य जानवर प्रदर्शनी के लिए लाए।

इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर राजेश त्रिपाठी, एसएसपी तुषार गुप्ता और जिला योजना बोर्ड के चेयरमैन सुखजिंदर सिंह कौनी भी उपस्थित थे।

# पीआर 7 रोड पर सीवरेज लाइन नहीं, सोसाइटियां खुले में गिरा रहीं सीवरेज का गंदा पानी

बिल्डरों द्वारा सीवरेज का दूषित पानी टैंकरों में भर कर खुले में जा रहा गिराया, अधिकारी सो रहे गहरी नींद

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 14 जनवरी।** शहर की पॉश व बड़ी 200 फीट रोड पर कई नामी कंपनियों बड़े बड़े रिहायशी व व्यपारिक प्रोजेक्ट हैं और पिछले लंबे समय से पीआर 7 रोड की सभी सोसायटीयां लगभग आबाद हो चुकी है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है के मेकडी से लेकर छत लाइट प्वाइंट तक करीब पांच से 6 किलोमीटर के पैच में सीवरेज लाइन नहीं बिछाई गई है। जबकि खाना पूर्ति के तौर पर सभी सोसायटीयों द्वारा लोगों की आंखों में घुल झोंकने के लिए अपने अपने एस्टीपी लगाए हुए हैं। लेकिन वह केवल दिखावे के लिए हैं, किसी भी सोसायटी का एस्टीपी ऑपरेशनल नहीं है। इस रोड पर मौजूद सोसायटीयों द्वारा सीवरेज का पानी या तो खुले में खाली पड़े खेतों में गिराया जा रहा है या फिर अंधेरे का फायदा उठाकर रात को या अल सुबह सीवरेज का दूषित पानी टैंकरों में भर कर खुले मे गिरा दिया जाता है। जिसका नुकसान पर्यावरण व आसपास लोगों को पड़ रहा है। खुले में दूषित पानी गिराने के कारण बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। जिसके जिम्मेवार बिल्डर व प्रशासन के अधिकारी है जो इस तरफ ध्यान नही दे रहे हैं। लोगों की मांग है के ऐसे बिल्डरों व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

पीआर 7 रोड पर रिहायशी सोसायटियां इतनी महंगी है के एक फ्लैट डेढ़ से दो करोड़ तक है और इतना महंगा घर लेने के बाद भी यदि सीवरेज की समस्या से जूझना पड़े तो इससे बुरी बात उपभोगताओं के लिए क्या हो सकती है। यहां यह बताना भी अनिवार्य है के एस्टीपी की सुविधा ना होने के कारण सरकार द्वारा जीरकपुर में नए प्रोजेक्ट को परमिशन देने पर पाबंदी लगाई हुई है। लेकिन इस सबके बावजूद शहर में धड़ल्ले से निर्माण हो रहा है। जबकि सरकारी आदेशों के अनुसार कोई सोसायटी डवेल्प नही होनी चाहिए। लेकिन हैरानी की बात तो यह है के सरकारी अधिकारियों की मिली भगत से निर्माण करता कोई ना कोई रास्ता निकाल कर कैसे ने कैसे निर्माण कर ही लेते हैं। बता दें के शहर मे मात्र एक 16.5 एम्एलडी का एक ही एस्टीपी है वह भी प्रॉपर काम नही करता है और सीवरेज का दूषित पानी बिना ट्रीट किए घग्गर मे गिराया जा रहा है, जोकि चिंता का विषय है लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नही दे रहा है।

पीआर 7 रोड पर सीवरेज लाइन नही है। यहां नई लाइन बिछाने के लिए हमने नगर परिषद से आसपास जगह की मांग की है। क्योंकि पीआर 7 रोड वाले साइड की ढलान घग्गर की तरफ है तो एस्टीपी भी इसी साइड ही होना चाहिए। जगह मिलने के बाद टैंडर आदि का प्रक्रिया को पूरा होते होते करीब एक साल से ऊपर का समय लग जाता है। इसलिए जितनी जल्दी जमीन मिलेगी उतनी जल्दी काम शुरू हो जाएगा।

**जसबीर सिंह, जेई सीवरेज बोर्ड विभाग जीरकपुर।**

इसके लिए जगह ढूंढ रहे हैं, जैसे ही जगह मिल जाएगी काम शुरू करवा दिया जाएगा। पीआर 7 रोड की सभी सोसायटीयों को सीवरेज के पानी को ट्रीट करने के बाद इस्तेमाल करने के आदेश दिए गए है। जोकि जरूरी है, यदि कोई खुले मे गिराता हुआ पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अशोक पथरिया, कार्यकारी अधिकारी जीरकपुर।**

# लुधियाना में बिहार का नशा तस्कर काबू ट्रेन के जरिए करता था अफीम की सप्लाई

जीआरपी ने बरामद किया 1.200 किलो नशा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 14 जनवरी।** लुधियाना में जीआरपी पुलिस ने रेलवे के जरिए बड़े स्तर पर अफीम की तस्करी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिहार के बेतिया जिला के चन्न पटिया गांव के रहने वाले मुरारी शाह के रूप में हुई है।

आरोपी से पुलिस ने करीब 1.200 किलो अफीम बरामद की है। आरोपी के खिलाफ थाना जीआरपी लुधियाना के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। लुधियाना जीआरपी के एसएचओ जतिंदर सिंह ने कहा- ड्यूटी अफसर एएसआई पुरुषोत्तम कुमार अपनी टीम के साथ चेकिंग के लिए लुधियाना के ढंजारी कलां स्टेशन पर मौजूद थे। इस दौरान चेकिंग की गई तो मुरारी शाह को रोका गया। चेकिंग के दौरान आरोपी से अफीम बरामद हुई, जिस पर आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर थाने लाया गया और जांच शुरू कर दी गई।

### एक दिन के रिमांड पर लिया गया आरोपी

पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि आरोपी इतनी भारी मात्रा में अफीम कहां से लेकर आया था और किसे देने जा रहा था। प्राथमिक जांच में पता चला है कि उक्त आरोपी ट्रेन के जरिए ही नशे की तस्करी करता था। पुलिस पूछताछ कर रही है कि आरोपी अब तक कितने नशे की सप्लाई कर चुका है।

पेज एक का शेष

## अखाड़ों का भव्य अमृत स्नान

**अमृत स्नान पर श्रद्धालुओं पर हुई पुष्पवर्षा, लगे जय श्री राम के नारे :** महाकुंभ 2025 के पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति के दिन मंगववार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए। महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर स्नान पर्वों के मौके पर पुष्प वर्षा को लेकर योगी सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पिछले काफी समय से तैयारी कर रखी थी। इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों की खास तौर पर व्यवस्था की गई थी। महाकुंभ के सभी स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कराने की तैयारी की गई है। प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश करने की तैयारी है, जिसकी श्रृंखला में पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा स्नान पर सोमवार को श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गई थी, जबकि दूसरे दिन यानि मंगलवार को मकर संक्रांति पर अमृत स्नान के दौरान भी पुष्पवर्षा से श्रद्धालु अभिभूत नजर आए।

**कुंभ में एआई के जरिये फर्जीवाड़ा :** महाकुंभ में फर्जी वीडियो जारी करने का फर्जीवाड़ा भी चल रहा है। एआई के जरिये ऐसी तस्वीरें दिखाई जा रही हैं जिन्हें असली समझ कर लोग गुमराह हो रहे हैं। एआई के जरिये जारी वीडियो में कई हस्तियों को स्नान करते दिखाया जा रहा है। पीएम मोदी को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ भी गंगा को नमन करते हुए दिखाया गया है। एआई से बनी वीडियो में प्रयागराज महाकुंभ में ट्रंप, जॉन सीना और रोनाल्डो ने भी स्नान किया। महाकुंभ में इंजीनियर बाबा और ग्लैमर वर्ल्ड छोड़कर आई हर्षा नजीर बनी हैं। इस्लामिक देशों में भी महाकुंभ को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इनमें भी टॉप पर पाकिस्तान है।

# पंजाब पुलिस ने माघी के त्योहार पर लगाया लंगर

सरबत के भले की अरदास में डीजीपी पंजाब गौरव यादव हुए शामिल

डीजीपी पंजाब ने पंजाब पुलिस सेवा कमेटी को भविष्य में ऐसे सामाजिक-धार्मिक प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** माघी के पावन पर्व के अवसर पर आज यहां पंजाब पुलिस सेवा कमेटी द्वारा पंजाब पुलिस मुख्यालय के बाहर जनता की सेवा के लिए लंगर लगाया गया।

गौरतलब है कि माघी का त्योहार 10वें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साथ शहीद हुए 40 सिख योद्धाओं की याद में मनाया जाता है।

इस अवसर पर समूची मानवता की भलाई और खुशहाली के लिए सरबत के भले की अरदास की गई।

पंजाब पुलिस के डायरेक्टर जनरल (डीजीपी) गौरव यादव, जिनके साथ इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (आईजीपी) मुख्यालय सुखचैन सिंह गिल भी मौजूद थे, ने अरदास में शामिल होने के बाद सामुदायिक सेवा और धार्मिक सद्भावना के महत्व को उजागर किया। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (एडीजीपी) एसएस श्रीवास्तव ने भी इस समागम में भाग लिया।

यह लंगर प्रथम सिख गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के सिद्धांत ÷किरत करो, नाम जपो, वंड छको÷ के तहत लगाया गया। गुरु साहिब का यह सिद्धांत निस्वार्थ सेवा और लोक कल्याण का संदेश देता है।


डीजीपी गौरव यादव ने पंजाब पुलिस सेवा कमेटी के प्रयासों की सराहना की और उन्हें आगे भी ऐसे सामाजिक-धार्मिक प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया, जो सांप्रदायिक सद्भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

### मकर सक्रांति पर बलटाना मार्किट के दुकानदारों ने लगाया लंगर



अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग

**जीरकपुर, 14 जनवरी।** मकर सक्रांति के पर्व पर बलटाना मार्किट के दुकानदारों द्वारा लंगर लगाया गया। इस दौरान बलटाना के वार्ड नंबर पांच की पार्षद नेहा शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर शिरकत की और दुकानदारों के साथ मिलकर लंगर वितरित किया। मकर सक्रांति का पर्व पुरे शहर मे लोगों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान खिचड़ी व तिल, गुड़ से बनी चीजे भी बांटी गई और कड़ी चावल का लंगर भी लगाया गया। इस दौरान दुकानदारों व नेहा शर्मा द्वारा भगवान से लोगों में सुख शांति की अरदास करते हुए लंगर बांटा गया। इस दौरान पार्षद नेहा शर्मा ने कहा की ऐसे लंगर व जागरण आदि के आयोजन आपसी भाईचारे के प्रतीक होते हैं। ऐसे आयोजन हम सब को मिलकर करते रहने चाहिए। हमारी संस्कृति बहुत महान है, इस के बारे मे हमारी आने वाली पीढ़ी को भी पता होना चाहिए। इस दौरान उनके साथ मनी शर्मा, गुरदेव सिंह, परमिंदर गुप्ता, राहुल जिंदल, पवन सिंगला, पंकज जैन, ललित जैन, शिव कुमार, कमल गुप्ता, मोनू सिंगला, विनोद गोयल, विनोद गर्ग सहित अन्य दुकानदार भी मौजूद थे।




# बुज़ुर्गों का ख्याल रख रही पंजाब सरकार

बुढ़ापा पेंशन योजना के तहत प्रति माह ₹1,500

बुज़ुर्गों, विधवाओं, बेसहारा महिलाओं व बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए वित्तीय सहायता योजनाओं के तहत ₹5,924.50 करोड़ का बजट प्रावधान

34.09 लाख लाभार्थियों को ₹4,532.60 करोड़ की पेंशन वितरित

"हमारे बुज़ुर्ग हमारा गौरव एवं हमारी पूंजी हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें सम्मानजनक जीवन दें और आर्थिक रूप से सक्षम बनाएं। हम उनके लिए मासिक पेंशन सुनिश्चित करके अपना यह कर्तव्य पूरा कर रहे हैं। मैं एक ऐसे रंगले पंजाब का सपना देखता हूं, जहां हर नागरिक एक ख़ुशहाल एवं संतुष्ट जीवन का आनंद ले सके।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

यहां स्कैन करें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब



दिल्ली 25 विधानसभा महासंग्राम



# अरविन्द केजरीवाल जनता से झूठ बोलकर और धोखा देकर फिर से सत्ता में आना चाहते हैं: रेलमंत्री

## शकूर बस्ती समेत दिल्ली की अन्य झुग्गियों में जाकर केजरीवाल वहां रहने वालों को गुमराह करने के लिए किसी भी हद तक झूठ बोल रहे हैं

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 14 जनवरी।** रेल मंत्री मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं श्री अश्विनी वैष्णव ने आज केंद्रीय कार्यालय में आयोजीय प्रेसवार्ता में आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा शकूरबस्ती को हटाए जाने का झूठी एवं भ्रामक बातें बोलने के लिए जमकर आलोचना की। श्री वैष्णव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल जनता से झूठ बोलकर और धोखा देकर फिर से सत्ता में आना चाहते हैं, ताकि घपले-घोटाले कर सके। शकूरबस्ती समेत झुग्गियों में जाकर केजरीवाल वहां रहने वालों को गुमराह करने के लिए किसी भी हद तक झूठ बोल रहे हैं।

रेल मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि केजरीवाल शकूरबस्ती में जाकर कहते हैं कि रेलवे ने झुग्गियों को हटाने के लिए टेंडर पास कर दिया है, जबकि रेलवे ने ऐसा कोई टेंडर नहीं निकला है और न ही टेंडर अवार्ड किया है। जिस प्रॉजेक्ट की अरविन्द केजरीवाल बात कर रहे हैं, वह पूरी तरह से भ्रामक और गलत है। दरअसल, शकूर बस्ती के पास खाली पड़ी जमीन को स्टेशन के लिए विकसित किया जा रहा है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री वैष्णव ने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ महोत्सव दुनिया में एक मिसाल साबित हुआ है। महाकुम्भ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बहुत विस्तृत व्यवस्थाएं की गई हैं और भारतीय रेलवे ने भी करीब 13 हजार स्पेशल गाड़ियां चलाई हैं। प्रयागराज के आस पास के इलाकों के विकास के लिए करीब 5 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। पहले जहां 40 लाख लोगों को एक दिन में प्रयागराज से बाहर ले जाने की क्षमता थी, वो अब 1 करोड़ से ज्यादा लोगों को सकुशल गंतव्य स्थान तक पहुँचाने की क्षमता विकसित हो गयी है। आज से शाही स्नान के साथ महाकुम्भ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाएगा।

रेल मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि दिल्ली प्रदेश में भी रेलवे का विकास कार्य बड़े स्तर पर चल रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने दिल्ली में रेलवे के विकास के लिए 27 गुना राशि बढ़ाकर 2582 करोड़ रुपए दी। जबकि कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में दिल्ली में रेलवे के विकास के लिए केवल 96 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। दिल्ली प्रदेश के लिए बहुत सारे नए प्रॉजेक्ट शुरू किए गए। प्रदेश के अधिकतर स्टेशन बहुत पुराने हो चुके थे, उनके पुनर्विकास का कोई कार्य नहीं किया गया था। दिल्ली में 13 ऐसे महत्वपूर्ण स्टेशन हैं जो दूर-दराज क्षेत्र से आने वाले यात्रियों को सुविधाएं देते हैं। उन 13 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। सफदरगंज स्टेशन पर बड़े स्तर पर विकास कार्य चल रहे हैं, बिजवासन स्टेशन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और पश्चिम की ओर जाने वाली ट्रेनों का टर्मिनल बनेगा। हजरत निजामुद्दीन, जो दक्षिण की ओर जाने वाली गाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण स्टेशन है। उसे एक मेगा टर्मिनल के रूप में विकसित किया जा रहा है ताकि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की तरफ आने वाली भीड़ कम हो। पहले से ही इन प्रोजेक्ट्स पर कार्य चल रहा है, इसलिए इन पर आचार सहिंता के उल्लंघन जैसा कोई विषय नहीं है।

श्री वैष्णव ने कहा कि आदर्श नगर रेलवे स्टेशन और आनंद विहार रेलवे स्टेशन को और अधिक विकसित किया जा रहा है, जो पूर्वांचल की जाने वाले ट्रेन के लिए प्रमुख मार्गों में शामिल हैं। आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इसकी क्षमता बढ़ाने और तीसरी व चौथी पटरियों के निर्माण का कार्य जारी है। इसके अलावा, आनंद विहार स्टेशन को आरआरटीएस से जोड़ने के लिए 'स्काई-वॉक' का निर्माण किया जा रहा है, ताकि मेट्रो से यात्रा करने वाले यात्रियों की यात्रा और ज्यादा सुविधाजनक हो सके। दिल्ली के सराय रोहिल्ला और दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन को भी सुदृढ़ किया जा रहा है, जो राजस्थान और गुजरात जाने वाले यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण हैं। जमीन की कमी होने के कारण यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए और यात्रियों की सुगमता के लिए इन स्टेशनों पर फ्लाईओवर जैसे ढांचे बनाकर इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाया जा रहा है। दिल्लीवासियों के लिए यह खुशी की बात है कि कई कठिनाइयों और प्रयासों के बाद, दिल्ली सरकार और सर्वोच्च न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर यमुना नदी पर 1.2 किलोमीटर लंबा पुल बनकर तैयार हो गया है। यह पुल जल्द ही जनता के उपयोग के लिए खोल दिया जाएगा।

### देश में 1 हजार से अधिक अंडरपास व फ्लाईओवरों की संख्या बढ़ाई गई

रेल मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि दिल्ली में करीब 20 नए फ्लाईओवर और अंडर पास बनाए जा रहे हैं, जिनके लिए 75 करोड़ का निवेश किया गया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 2023-24 में 1 हजार से अधिक रिकार्ड संख्या में देश भर में नए फ्लाईओवर और अंडर पास बनाए गए थे। तीन ऐसे भी जगह हैं जहां नए डिजाइन के फ्लाईओवर बनाए गए हैं, जिनपर दो पहिया वाहनों के भी जाने की व्यवस्था की गई है। रेलवे कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। नई दिल्ली स्टेशन का भी एक कार्य शुरू किया जा चुका है और दूसरे कार्य के लिए माननीय उच्च न्यायालय में कुछ अनुमतियों के लिए आग्रह किया गया है, अनुमति मिलने के बाद वो कार्य भी शुरू किए जाएंगे।

### मोदी सरकार दिल्ली में ट्रेनों की संख्या बढ़ाना चाहती है

केंद्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने की कारण यहाँ लोगों का आवागमन बहुत ज्यादा है। दिल्ली में प्रदेश के बाहर से आने-जाने वालों के आलावा दिल्ली के अंदर प्रतिदिन सफर करने वालों की संख्या बहुत बड़ी है, इस कारण लगभग 700-800 गाड़ियां प्रतिदिन दिल्ली के अंदर आती-जाती हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार दिल्ली में इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़िया करके इस संख्या को बढ़ाकर 1000-1200 से 1400 गाड़ियों की क्षमता के पास पहुंचाना चाहती है। इसके लिए केंद्र सरकार एक ऐसा मास्टरप्लान बना रही है, ताकि आने वाले 20-30 साल दिल्ली की जनता को ट्रैफिक की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। दिल्ली में जाम की समस्या को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण भी शामिल है। इस कॉरिडोर के माध्यम से पूर्वी क्षेत्रों से आने-जाने वाले मालवाहक वाहनों को अब दिल्ली के अंदर प्रवेश करने के बजाय बाहरी मार्गों से गुजरने की व्यवस्था की गई है, जिससे यातायात का दबाव कम हुआ है। श्री वैष्णव ने एक नक्शा के माध्यम से दिल्ली के आसपास विकसित किए जा रहे बुनियादी ढांचे के बारे में बताया कि सोनीपत से मानेसर तक ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर के निर्माण किया गया है। इस परियोजना से विशेष रूप से मालगाड़ियां दिल्ली को बायपास करते हुए बाहरी मार्गों से गुजर सकेंगी। दूसरा ऑर्बिटल कॉरिडोर मानेसर से पृथला तक बनाया जा रहा है, जो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ेगा। यह मार्ग दक्षिण, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से आने वाले यातायात को पूर्वी दिशा की ओर सुगमता से जाने का विकल्प देगा। इन कॉरिडोर का प्राथमिक उद्देश्य दिल्ली के निवासियों को जाम की समस्या से राहत प्रदान करना है।

# भाजपा पैसे से दिल्लीवालों के वोट खरीदना चाहती है: केजरीवाल

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 14 जनवरी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को एक बार फिर भाजपा पर जमकर हमला बोला और कहा कि गाली-गलौज पार्टी में हथियार डाल दिए हैं। वह पूरी तरह से जानते हैं कि वह चुनाव जीत नहीं सकते, इसलिए अब वह दिल्ली वालों के वोट पैसे से खरीदना चाहते हैं। मैं दिल्ली वालों से अपील करता हूं कि इनसे सारे पैसे ले लो, इनको बर्बाद कर दो। लेकिन, वोट मत देना।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि धीरे-धीरे जैसे-जैसे समय बीत रहा है, आम आदमी पार्टी का ग्राफ भी ऊपर बढ़ता जा रहा है। हम ऊपर की ओर जा रहे हैं। गाली-गलौज पार्टी ने ऐसा लगता है हथियार डाल दिए हैं। उनके पास न नैरेटिव है, न उनके पास विजन है, न उनके पास सीएम का चेहरा है। खुलेआम पैसे बांटे जा रहे हैं, लेकिन जो पैसे बांटे गए, उन लोगों में बहुत असंतोष है। ऊपर से उनकी पार्टी ने भेजे 10,000 रुपए। लेकिन, उनके नेताओं को लग रहा है कि वह जीत तो रहे नहीं हैं तो इस चुनाव में पैसे ही कमा लिए जाएं, तो उनके नेताओं ने 9,000 रख लिए और जनता को हजार-हजार रुपए बांट दिए और वह भी इन्होंने सबको नहीं दिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे-जैसे जनता को यह पता चलता है कि उनके नेता रुपए खा गए तो इस बात का जनता में भारी रोष है कि उनके नेता जनता के नाम पर आए हुए पैसे खा गए। उसके बाद उनकी पार्टी ने कंबल बांटने को भेजे। एक कॉलोनी में कंबल बांटे। बगल वाली कॉलोनी में नहीं बांटे तो बगल वाली कॉलोनी वाले पूछ रहे हैं इस कॉलोनी के कंबल कहां गए। इसी तरीके से यह भाजपा वाले साड़ियां, जूते, जैकेट यह सब कुछ बांट रहे हैं। लेकिन, उनके नेता कुछ कॉलोनी में जाते हैं, वहां पर सामान बांटकर वापस चले आते हैं। बगल वाली कॉलोनी के लोग पूछते हैं कि हमारा सामान कहां गया और उनके दफ्तरों पर जाकर हल्ला मचाते हैं।

उन्होंने कहा कि अब सोने की चेन बांटना चालू कर दिया गया है। एक-दो कॉलोनी में उन्होंने सोने की चेन बांटनी शुरू की तो बात तेजी से फैल गई। अब आसपास के इलाके के लोग कह रहे हैं कि उनके नेता सोने की चेन भी खा गए। जिसको यह सामान नहीं मिलता है और वह उनके दफ्तर चला जाता है। उसके मुंह को बंद करने के लिए यह सामान दे दिए जाते हैं। उनके नेता खुलेआम कहते घूम रहे हैं कि दिल्ली वालों को तो हम खरीद लेंगे। दिल्ली वालों के वोट तो हम खरीद लेंगे। अब जब देख रहे हैं कि हार गए हैं तब खुलेआम कहते घूम रहे हैं कि दिल्ली वालों को तो हम खरीद लेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली की जनता से अपील करना चाहता हूं कि वोट हीरे से ज्यादा कीमती है। वह किसी हालत में मत बिकने देना। जो पैसे बांटे, जो कंबल बांटे, जो साड़ी बांटे, जो चादर बांटे, उसको तो कतई वोट मत देना। यह देश के गद्दार हैं। इनको इतना अहंकार हो गया है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अगर आम आदमी पार्टी का कोई कैंडिडेट पैसे, सामान बांटे, तो उसको वोट मत देना। हम देश बदलने के लिए सड़ी-गली व्यवस्था को बदलने के लिए काम कर रहे हैं।

# भाजपा-कांग्रेस को झटका, पूर्व पार्षद समेत कई कद्दावर नेता 'आप' में शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 14 जनवरी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस को झटका लगा है। मंगलवार को डाबरी वार्ड से भाजपा की पूर्व पार्षद और नजफगढ़ जिला की उपाध्यक्ष रेखा विनय चौहान आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गई। उनके साथ 2020 में भाजपा से पार्षद प्रत्याशी रहे विनय चौहान और आदर्श नगर वार्ड-15 से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वीरेंद्र गोयल समेत कई नेताओं ने भी आम आदमी पार्टी का दामन थामा। इस दौरान द्वारका से विधायक विनय मिश्रा और डाबरी वार्ड से पार्षद तुलनामा चौधरी मौजूद रहे।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सभी को पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार मजबूत होता जा रहा है। अलग-अलग पार्टियों के अच्छे लोग काम की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए लगातार 'आप' परिवार से जुड़ रहे हैं। इन लोगों के आने से आम आदमी पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

इस दौरान रेखा विनय चौहान के साथ राजेंद्र गुप्ता, ओम प्रकाश चावड़िया और हरकेश पांडे ने भी आम आदमी पार्टी को ज्वाइन किया। साथ ही, रामलीला समिति आदर्श नगर के चेयरमैन मास्टर जय किशन गोयल, राम मंदिर के अध्यक्ष एवं मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष नरेश टंडन, रामलीला समिति आदर्श नगर के महासचिव तरुण कुमार गुप्ता भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

इससे पहले भी कई और बड़े नाम और चेहरे भाजपा-कांग्रेस को छोड़कर आम आदमी पार्टी का दामन थाम चुके हैं। इसके अलावा 'पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना' के चलते भी भाजपा मंदिर समिति के कई लोग और ऑटो चालकों के लिए की गई 'आप' की घोषणा के बाद ऑटो यूनियन के कई चालक भी पार्टी में शामिल हो चुके हैं।

इसके अलावा जिम एसोसिएशन और अन्य लोगों ने भी आम आदमी पार्टी को समर्थन देने की घोषणा की है।

# प्रवेश वर्मा का पिता के समय का है एनजीओ, फ्रस्टेशन में बेहूदी बातें कर रहे केजरीवाल: हरदीप सिंह पुरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 14 जनवरी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। आप के आरोप पर अब केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि आप के नेताओं का फ्रस्टेशन लेवल बढ़ गया है, इसलिए वह ऐसी बेहूदी बातें कर रहे हैं।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को आईएएनएस से खास बातचीत में कहा, अरविंद केजरीवाल, प्रवेश वर्मा की बात क्यों कर रहे हैं, जबकि वर्मा ने पहले ही बोल दिया है कि एनजीओ उनके पिता के समय का है और उसके जरिए ही लोगों को पैसे दिए जा रहे हैं। आप के नेताओं का फ्रस्टेशन लेवल बढ़ रहा है, इसलिए वह ऐसी बातें कर रहे हैं।

राहुल गांधी द्वारा भाजपा और आप को एक बताए जाने के आरोपों पर हरदीप सिंह पुरी ने पलटवार करते हुए कहा, उनको बुद्धि वाली बात करनी चाहिए।

अरविंद केजरीवाल के देश को बचाने वाले बयान पर उन्होंने कहा, ÷कौन देश को बचा रहा है, यह सबको पता है। एनआरआई स्टेटस के लिए 6 महीने देश के बाहर रहना पड़ता है, वह अब उसके नजदीक आ रहे हैं। हम इसके लिए एक नई कैटेगरी एनआरआई पॉलिटिशियन शुरू करेंगे। केजरीवाल ने साल 2012 में बोला था कि सीएजी अगर नहीं होती तो कांग्रेस ने देश को बेच दिया होता। अब वह कैग की रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर क्यों नहीं रखते, जबकि कल भी उनको हाई कोर्ट ने कहा है कि कैग रिपोर्ट को वक्त रहते विधानसभा के पटल पर रखना चाहिए था। इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया ने देखा, सभी टीवी चैनल ने लाइव चलाया, महिलाओं ने टीवी पर आकर कहा कि हमें 1,100 रुपये दिए गए कि हम कमल का बटन दबाएं।

# 'कोहली और पंत का दिल्ली की तरफ से खेलने के लिए स्वागत है'

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन



**नई दिल्ली, 14 जनवरी।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और ऋषभ पंत का दिल्ली जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) द्वारा संभावित टीम में नामित किए जाने के बाद रणजी ट्रॉफी के अपने आखिरी दो मुकाबलों में दिल्ली की तरफ से खेलने के लिए स्वागत है। दोनों खिलाड़ियों का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन रहा, जहां भारत को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा और एक दशक से चली आ रही उसकी बादशाहत खत्म हो गई। भारत ने लगातार तीसरा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने का मौका भी गंवा दिया।

हालांकि, घरेलू मैचों में उनकी भागीदारी पर अंतिम फैसला खिलाड़ियों और टीम प्रबंधन पर निर्भर करता है। डीडीसीए के एक सूत्र ने मंगलवार को %आईएएनएस% को बताया, ÷विराट कोहली और ऋषभ पंत हमारे स्टार खिलाड़ी हैं और दिल्ली के लिए खेलने के लिए उनका स्वागत है, लेकिन हमें उनके कार्यभार और एनसीए और भारतीय टीम प्रबंधन से मिलने वाले सुझावों पर गौर करना होगा।÷

पांच टेस्ट मैचों में कोहली ने सिर्फ 190 रन बनाए और ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों का पीछा करते हुए आठ बार आउट हुए। दूसरी ओर, पंत ने 28.33 की औसत से एक अर्धशतक सहित 255 रन बनाए। कोहली और पंत दोनों ही उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और ऑस्ट्रेलिया में अपने पिछले प्रदर्शन को दोहराने में विफल रहे। कोहली ने आखिरी बार 2012 में रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेला था। सिडनी में भारत की श्रृंखला हार के बाद, भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट खिलाड़ियों के लिए जब भी संभव हो घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भाग लेने के महत्व पर जोर दिया।

विकेटकीपर-बल्लेबाज इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारत की टीम का हिस्सा नहीं हैं, जो 22 जनवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होगी। इससे पहले दिन में, भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा 23 जनवरी से शुरू होने वाले 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले प्रशिक्षण सत्र के लिए मुंबई की टीम में शामिल हुए।

दिल्ली को 23 जनवरी से राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ खेलना है, इसके बाद 30 जनवरी से अरुण जेटली स्टेडियम में रेलवे के खिलाफ आखिरी ग्रुप गेम खेलना है।

# दिल्ली में भाजपा को जिताना चाहते हैं राहुल गांधी: आचार्य प्रमोद कृष्णम

**संभल (अप्रस)।** कल्कि धाम के पीठाधीश्वर एवं पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्ण मंगलवार को आईएएनएस से बात करते दिल्ली चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना चाहते हैं। राहुल गांधी के दिल्ली में चुनावी रैली को लेकर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आईएएनएस से कहा, राहुल गांधी दिल्ली में भाजपा की सरकार बनवाना चाहते हैं, क्योंकि वो आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से नफरत करते हैं। राहुल गांधी दो लोगों से बहुत नफरत करते हैं, जिसमें एक पीएम नरेंद्र मोदी और दूसरे केजरीवाल हैं। वो केजरीवाल को खत्म करना चाहते हैं। विपक्षी पार्टियों का गठबंधन नहीं, बल्कि ठगबंधन था। उनका बेमेल विवाह बिना तीन तलाक के टूट गया। विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता को फैसला करना है। राहुल गांधी के पीएम मोदी पर हमले को लेकर प्रमोद कृष्णम ने कहा, पीएम मोदी पर सभी निशाना साध रहे हैं। जबकि मोदी दिन-रात अपना जीवन इस देश के लिए लगा रहे हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी और पूरब से पश्चिम तक हर जगह सिर्फ मोदी मोदी है। समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान वर्क के बिजली चोरी के मामले को आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, सांसद होकर बिजली चोरी का आरोप लगा है, लेकिन सपा तो यह परंपरा है। कभी टोंटी, तो कभी बिजली और कभी भैंस चुराने का आरोप लगता रहता है। ऐसे में सपा सांसद पार्टी की परंपरा का निर्वाह कर रहे हैं। संभल प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा मुक्त कराने और कुछ दुकानों को चिन्हित करने वाले मामले पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि खाली जगह देखकर कब्जा कर लो और उसको वक्फ का बता दो। यह गलत है। संभल प्रशासन जनता के हित में काम कर रहा है। पहली बार कानून के मुताबिक काम हो रहा है। सीएम योगी यूपी के सीएम नहीं होते, तो पूरा प्रदेश वक्फ का हो जाता।

# बसपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए घोषित किए स्टार प्रचारक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली, 14 जनवरी।** बहुजन समाज (पार्टी) बसपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बसपा के 40 स्टार प्रचारकों में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर युवा चेहरे नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को जगह दी गई है।

बसपा की तरफ से मंगलवार को दिल्ली विधानसभा 2025 के स्टार प्रचारकों की सूची के अनुसार पार्टी प्रमुख मायावती, आकाश आनंद, लक्ष्मण सिंह, नितिन सिंह, राजाराम धर्मवीर सिंह, अशोक, सी.पी. सिंह, रणधीर बेनिवाल, सुदेश आर्य, सुजीत सम्राट, राजेश तंवर, सतीश चौधरी, शीशपाल सिंह, ललित कुमार गौतम, उत्तिलराम आजाद, नरेन्द्र पाल सिंह, सुरेश चंद गौतम, सुरेश चंद्रा, योगेश कुमार, डा. सलीम अहमद, राजकुमार, जगदीश मास्टर, उमेश पीपरिया, एड रजनी बौद्ध, शंकर लाल कर्दम, भूपेन्द्र सिंह बेधड़क, दिनेश कुमार गौतम, कैलाश माथुर, दर्शन लाल, पन्ना लाल गौतम, डा. रंजीत राम, प्रेम कुमार गौतम, राजेन्द्र प्रसाद बबल, अरूणा चौटाला, शरीफ अली गुरुदयाल सिंह गौतम, गोतम मोहन, जुगल जाटव, संजीव दोहरे, एस.पी. सागर शामिल हैं।

ज्ञात हो कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने उम्मीद की है कि पार्टी इस चुनाव में जरूर बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे किसी पार्टी के लुभावने वादे के बहकावे में न आकर पूरी समझदारी से बसपा उम्मीदवारों को ही वोट करें। चुनाव आयोग के अनुसार, दिल्ली के साथ ही 5 फरवरी को मतदान होंगे।

# स्कूलों को धमकी मामले में सुधांशु त्रिवेदी ने 'आप' को घेरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली, 14 जनवरी।** दिल्ली के 400 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि धमकियां देने वाला व्यक्ति कोई और नहीं, बल्कि एक बच्चा था, जो इन स्कूलों को मेल करके धमकियां भेज रहा था। पता चला है कि आरोपी बच्चे के पिता एक एनजीओ से जुड़े हुए हैं, जिसका कनेक्शन अफजल गुरु से है। अब भाजपा इस मामले में आम आदमी पार्टी पर निशाना साध रही है।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आम आदमी पार्टी से इस मामले में सीधा और स्पष्ट जवाब अपेक्षित है कि ऐसी घटनाओं में जो लोग शामिल हैं, उनसे उसका क्या संबंध है? क्या उनके साथ उनका कोई पूर्व संबंध रहा है?

उन्होंने कहा, 'यह स्पष्ट है कि कुछ तथाकथित एनजीओ जो देश के लिए खतरनाक कार्य कर रहे हैं, उनका संबंध आम आदमी पार्टी से बहुत पुराना है। इन एनजीओ के माध्यम से बच्चों के मन में जो जहर भरा जा रहा है, उसका प्रभाव आने वाले समय में शहर और देश पर घातक हो सकता है। इसलिए, आप से इस मामले में सीधा और स्पष्ट जवाब अपेक्षित है कि ऐसी घटनाओं में जो लोग शामिल हैं, उनसे उसका क्या संबंध है? क्या उनके साथ उनका कोई पूर्व संबंध रहा है? उनकी मुख्यमंत्री के परिवार से भी कुछ ऐसे लोग संबंध रखते थे, जिन्होंने ऐसी गतिविधियों का समर्थन किया था।'

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार में रहते हुए आप ने 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के नारों को बढ़ावा दिया और महीनों तक अदालती कार्यवाही को रोकने की कोशिश की। अब सवाल यह उठता है कि आप का इन लोगों से क्या संबंध है? अगर वे इस संबंध में कोई स्पष्ट जवाब नहीं देते हैं, तो इसे मौन स्वीकृति माना जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राजनीति का यह पुराना ढांचा है कि आरोपों के बावजूद नेता हमेशा इनकार करते रहे हैं। जैसे लालू प्रसाद यादव, शिबू सोरेन, करुणानिधि और सुरेश कलमाड़ी ने जेल जाने के बाद भी इनकार किया था कि उनका किसी घोटाले से कोई संबंध नहीं है। यही पुरानी राजनीति की पहचान है। और अब वही चीज आम आदमी पार्टी में भी देखी जा रही है, जो खुद को नई राजनीति का पैरोकार मानती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की स्थिति अब उतनी मजबूत नहीं रह गई है। उनका नेतृत्व, जो कभी लोगों को नए बदलाव का सपना दिखाता था, अब उन दीवारों की तरह गिरता हुआ प्रतीत हो रहा है जिनका अंत नजदीक है।

▲ अधिकतम 17 डिग्री से.
डिग्री से. 07 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 7.21 बजे
सूर्यास्त 5.43 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 80,220.00 |
| सेंसेक्स | 76,303.01 |
| अमेरिका | 86.68 |
| कैनेडियन | 60.12 |
| आस्ट्रेलिया | 53.31 |

## न्यूज ब्रीफ

### नेशनल लोक कल्याण पार्टी और भारत गठबंधन ने दिया राजनीतिक क्रांति का आह्वान


फोटो: अजीत कौशल

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान नेशनल लोक कल्याण पार्टी (एन एल के पी) ने 80 से अधिक दलों के राजनीतिक गठबंधन भारत गठबंधन (बी जी) के साथ मिलकर आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंदर प्रीत सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष, एन एल के पी), अमन बंदवी (राष्ट्रीय महासचिव, एन एल के पी), डॉ. सुधीर अग्रवाल (संस्थापक अध्यक्ष, बी जी) सहित अन्य वरिष्ठ नेता राम नगीना सिंह, सौदान सिंह यादव, बलदेव राज सूद, संजय शर्मा और अभिषेक ने भाग लिया। इस मौके संबोधित करते हुए इंदर प्रीत सिंह ने कहा कि आज के समय भारत संकट में है और इसे एक नए राजनीतिक आंदोलन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवा निराश हो चुके है, उन्हें ध्रुवीकृत और तुष्टिकरण की राजनीति के बीच फंसा दिया गया है, जो उनकी समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि यह ताजा विचारों और जन-केंद्रित क्रांति का समय है। उन्होंने युवाओं से एबीसी (आप, भाजपा, कांग्रेस) का पूरी तरह से बहिष्कार करने की अपील की। इस अवसर पर भारत गठबंधन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर अग्रवाल ने कहा कि तीनों प्रमुख पार्टियां बेरोजगारी, महंगाई और ध्वस्त हो रही स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का समाधान निकालने में विफल रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत गठबंधन उम्मीद और वास्तविक बदलाव का प्रतीक है। वरिष्ठ नेता राम नगीना सिंह ने कहा कि यह केवल चुनाव नहीं है, यह क्रांति का आह्वान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है, जो हर नागरिक के लिए समानता, न्याय और प्रगति को प्राथमिकता दे, न कि केवल चंद लोगों को। वर्षों से श्रमिकों के अधिकारों के लिए लड़ते आए सौदान सिंह यादव ने कहा कि श्रमिकों को दशकों से नजरअंदाज किया गया है। भारत गठबंधन हर भारतीय श्रमिक की गरिमा, अधिकार और अवसरों को बहाल करेगा। इस मौके लोकतंत्र समर्थक और बी जी के मेंटर अभिषेक ने कहा कि युवा इस देश की नींव है, हम उन्हें अवसर, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से सशक्त करेंगे और एक नए भारत का निर्माण करेंगे।

## प्रशासक ने सीटीयू की 60 बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सौ फीसदी इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा लक्ष्य

2026-27 तक सीटीयू का लक्ष्य 100 फीसदी इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा बनाना: राज्यपाल

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 14, जनवरी।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) के बेड़े में 60 नई बसों को शामिल करते हुए इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पावन दिन पर इस पहल की शुरुआत करना और भी विशेष है। यह चंडीगढ़ के सार्वजनिक परिवहन को और अधिक सशक्त और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राज्यपाल ने बताया कि सीटीयू ने पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए बड़ी पहल की है। उन्होंने घोषणा की कि चंडीगढ़ प्रशासन का लक्ष्य है कि 2026-27 तक सीटीयू का बेड़ा 100 फीसदी इलेक्ट्रिक बसों का बन जाए। इससे न केवल डीजल की खपत में कमी आएगी, बल्कि वायु प्रदूषण में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा। इस दिशा में प्रशासन पहले ही 80 इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में शामिल कर चुका है, जिससे 29.81 लाख लीटर डीजल की बचत और 7,872 मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी हुई है। पीएम ई-बस योजना के तहत, 100 और इलेक्ट्रिक बसों को जल्द ही शामिल किया जाएगा।

नई शामिल की गई 60 बसें आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। इनमें इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (आईटीएस), स्मार्ट कार्ड सुविधा और ट्राई-सिटी मोबाइल ऐप जैसी तकनीकें शामिल हैं। ये सुविधाएं यात्रियों को बस की लाइव लोकेशन, समय और किराए की जानकारी प्रदान करेंगी, जिससे यात्रा को सुगम और सुविधाजनक बनाया जा सकेगा।


फोटो: अजीत कौशल

### एक ही बैंक में खाता खुलवाएं सब कर्मचारी, मिलेगी बेहतर बीमा सुविधा

इस अवसर पर राज्यपाल ने सीटीयू कर्मचारियों को भी संबोधित किया और सुझाव दिया कि सभी कर्मचारी एक ही बैंक में खाता खोलें। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से न केवल कर्मचारियों को बेहतर बीमा सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि विभाग पर प्रशासनिक कार्यभार भी कम होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इससे कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। सीटीयू के इस बेड़े विस्तार के साथ अब इसमें कुल 684 बसें हो गई हैं। इनमें शहरी और उप-शहरी सेवाओं के लिए 438 बसें लगी हैं, जबकि 220 बसें लंबी दूरी के रूट पर संचालित होंगी। इन नई बसों में इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (आईटीएस), स्मार्ट कार्ड सुविधा और ट्राई-सिटी मोबाइल ऐप जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं, जिससे यात्रियों को बस की लोकेशन, समय और किराए की जानकारी आसानी से प्राप्त होगी। राज्यपाल ने चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग को राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए बधाई देते हुए इसे प्रशासन के कुशल प्रबंधन का परिणाम बताया। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह कदम पर्यावरण संरक्षण और यातायात प्रबंधन में भी मददगार होगा। इस अवसर पर राज्यपाल के साथ चंडीगढ़ प्रशासन के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य सचिव राजीव वर्मा, सचिव परिवहन अजय चगती, परिवहन निदेशक प्रद्युमन सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए इन अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।

## टंडन ने मकरसंक्रांति पर सभी देशवासियों को दी बधाई

### हमारा देश सांस्कृतिक परम्पराओं के अनुरूप विभिन्न त्योहारों और पर्वों का ही देश: टंडन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 14 जनवरी।** 'हमारा देश सांस्कृतिक परम्पराओं के अनुरूप विभिन्न त्योहारों और पर्वों का ही देश भी है। यहां के लोग अपनी अपनी परम्परा के अनुरूप किसी विशेष अवसर को त्यौहार के रूप में मना कर उसको युगों से संजोते आ रहे हैं और अपनी भावी पीढ़ी को भी इसके महत्व को बता कर उनको इस परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते आ रहे हैं।' यह बात भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व् हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने मकरसंक्रांति के पावन अवसर पर गाँव दड्डुआ में आयोजित कार्यक्रम पूजा अर्चना और भंडारे वितरण के दौरान कही। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वांचल जनकल्याण संघ चंडीगढ़ द्वारा हनुमान मंदिर में किया गया था। इस मौके पर संस्था के शशिशंकर तिवारी, धर्मेंद्र सैनी और बलजीत सिंह सिद्धू ने संजय टंडन का भव्य स्वागत किया। पूजा अर्चना और भंडारे वितरण के उपरान्त संजय टंडन ने उपस्थित सभी लोगों समस्त देशवासियों को बधाई प्रदान करते हुए कहा कि आज के दिन को हमारे देश में अलग अलग नामों से मनाया जाता है। हरियाणा, उत्तरप्रदेश और मध्यभारत में मकरसंक्रांति, उत्तराखंड में उत्तरायणी, असम में बिहू और दक्षिण में इसे पोंगल नाम से मनाया जाता है। इन त्योहारों के अलग अलग नाम और मनाने के अलग अलग ढंग होने के बावजूद एकबात है कि आपसी एकता और भाईचारा। आज के युग में लोगों को अपने करियर के लिए अपने मूल स्थान से किसी अन्य स्थान पर जाकर काम काज करना पड़ता है ऐसे में वहां वो अपने आस पास के लोगों के साथ मिलकर परम्परागत त्यौहार मना कर आपसी भाईचारे का सन्देश देते हैं यही वास्तविक महत्व है।

## पीयू के संस्कृत विभाग में मनाई गई मकर संक्राति

**चंडीगढ़,14 जनवरी (अप्रस)।** पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के संस्कृत विभाग में मंगलवार को मकर संक्रांति पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृत विभाग पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से डॉ पुष्पेंद्र जोशी जी उपस्थित रहे। मकर संक्रांति पर्व की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इस दिन सूर्य की मकर रेखा की ओर प्रवृत्ति होती है। पंचांग के पांच अंगों तिथि, वार, नक्षत्र, योग,करण पर चर्चा करते हुए उन्होंने आचार्य भास्कर द्वारा रचित पुस्तक लीलावती के विषय में भी विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही उपस्थित शोध छात्रों हेतु शोध प्रविधि पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वस्तुतः सबसे पहले शोध कार्य करते समय हमें यह देखना चाहिए कि क्या उस विषय में हमारी रुचि है? क्या हम उसको पढ़ने के अधिकारी हैं ? अगर आप तुलनात्मक अध्ययन करते हैं तो आपको उन दोनों विषयों जिसमें आप तुलना कर रहे हैं का ज्ञान होना आवश्यक है। इस अवसर पर अर्थशास्त्र में चाणक्य द्वारा लिखित कर विधि पर भी उन्होंने अपने विचार अभिव्यक्त किये। काव्यशास्त्र में अलंकारों पर चर्चा करते हुए उन्होंने अप्यदीक्षित के कुवलयानन्द एवं रूय्यक के अलंकार सर्वस्व ग्रंथ पर अपने विचार अभिव्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने पांडुलिपि विज्ञान पर शोध कार्य करने की अपार संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## राष्ट्र निर्माण के लिए युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बने रहने की आवश्यकता: राजीव वर्मा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** नौवां सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस मंगलवार को महिला भवन, सेक्टर-38 चंडीगढ़ में मनाया गया। इस दिन हमारे पूर्व सैनिकों द्वारा किए गए बलिदानों को याद किया गया। चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और चंडीगढ़ के वीरता पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राजीव वर्मा ने पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और राष्ट्र निर्माण के लिए युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बने रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।


फोटो: अजीत कौशल

उन्होंने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की दरों में वृद्धि पर प्रकाश डाला और आश्वासन दिया कि यदि उनके पास किसी भी कल्याण बिंदु या किसी भी शिकायत के संबंध में कोई सुझाव है, तो वे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय चंडीगढ़ को लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं ताकि आवश्यक कार्रवाई/निर्देश जारी किए जा सकें। मुख्य सचिव ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन पूर्व सैनिकों की सभी जरूरतों पर उनकी सहायता करने के लिए समर्पित है। चंडीगढ़ प्रशासन सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और पूर्व सैनिकों के परिवारों के कल्याण को उच्च प्राथमिकता देगा।

### पूर्व सैनिकों को उनके साहस, बलिदान और देश के प्रति समर्पण के लिए धन्यवाद दिया

समारोह का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा किया गया था। उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड निशांत कुमार यादव, उपाध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड ब्रिगेडियर बीएस ढिल्लों (सेवानिवृत्त)भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने पूर्व सैनिकों को उनके साहस, बलिदान और देश के प्रति समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने वीर नारियों को भी विनम्र सम्मान दिया जिनके परिवार के सदस्यों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि जिन सैनिकों ने इस देश के लिए जो बलिदान दिया है, उसके लिए राष्ट्र पूर्व सैनिकों और उनके परिवार का ऋणी रहेगा। सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है क्योंकि 1953 में इसी दिन हमारे पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के.एम करिअप्पा, जिन्होंने 1947 के युद्ध में भारतीय बलों की जीत का नेतृत्व किया था, औपचारिक रूप से सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। इस अवसर पर ब्रिगेडियर आर.एस चठ्ठा, अतिरिक्त डी.जी पुनर्वास, पश्चिमी जोन मुख्यालय पश्चिमी कमान, चंडीमंदिर, ब्रिगेडियर बी.एस ढिल्लों (सेवानिवृत्त) निदेशक राज्य सैनिक बोर्ड, पंजाब, कर्नल जी.एस शर्मा (सेवानिवृत्त) ओ.आई.सी. आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट नोड, पश्चिमी कमान चंडीमंदिर, कर्नल बैंस (सेवानिवृत्त) ओ.आई.सी. पॉलीक्लिनिक, ई.सी.एच.एस चंडीगढ़ और चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

## 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के तहत जागरूकता रैली का किया आयोजन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** 100 दिवसीय सघन टीबी (टीबी) अभियान के तहत, चंडीगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने राज्य टीबी सेल, पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर 11, चंडीगढ़ के एनएसएस स्वयंसेवकों और गवर्नमेंट होम्योपैथिक कॉलेज, सेक्टर 26, चंडीगढ़ के छात्रों के सहयोग से टीबी जागरूकता रैली का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 2025 तक टीबी को खत्म करने के भारत के मिशन के अनुरूप टीबी की रोकथाम, शीघ्र निदान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

रैली चंडीगढ़ के सेक्टर 16 स्थित सरकारी मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल (जीएमएसएच) से शुरू हुई, जिसमें 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का आधिकारिक उद्घाटन जीएमएसएच-16 के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुशील माही ने किया, जिन्होंने टीबी का समय पर पता लगाने और उपचार प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने के महत्व पर जोर दिया। उपस्थित लोगों को टीबी मुक्त भारत के लिए शपथ भी दिलाई गई। प्रतिभागियों ने टीबी हारेगा, देश जीतेगा और शीघ्र निदान जीवन बचाता है जैसे प्रभावशाली नारे लिखे बैनर और तख्तियां लेकर चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज से प्लाजा, सेक्टर 17, चंडीगढ़ की ओर मार्च किया। रैली में लोगों को शैक्षिक पर्चे बांटे गए, जिनमें टीबी के लक्षण, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत मुफ्त निदान और उपचार सुविधाओं की उपलब्धता और रिकवरी में पोषण की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज के छात्रों ने टीबी और इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए रैली के दौरान एक शक्तिशाली नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्य टीबी अधिकारी डॉ. राजेश के राणा ने कहा, यह रैली टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे जुड़े कलंक को दूर करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकार, स्वास्थ्य कर्मियों और समुदाय के सामूहिक प्रयासों से, हम टीबी मुक्त चंडीगढ़ प्राप्त करने के लिए आश्वस्त हैं। रैली प्लाजा सेक्टर 17 में संपन्न हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने टीबी उन्मूलन की वकालत करने और बीमारी से प्रभावित व्यक्तियों को निरंतर सहायता प्रदान करने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि की। डॉ. मनीर मोहम्मद, डॉ. शीबा ओबेरॉय, चिकित्सा अधिकारी, राज्य टीबी सेल ने डॉ. मोनिका दारा, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. दिव्या मोंगा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों के समन्वय में रैली का आयोजन और प्रबंधन किया। चिकित्सा अधिकारी राज्य टीबी सेल ने बताया कि 2025 तक टीबी मुक्त स्थिति के वांछित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आने वाले दिनों में इस तरह के आयोजन जारी रहेंगे।


फोटो: अजीत कौशल

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप, केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** यूपी की जिला बिजनौर निवासी विवाहिता की बीती एक अप्रैल 2024 को चंडीगढ़ में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जिसके आधार पर मौली जागरा पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक यूपी के जिला बिजनौर निवासी शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी की शादी 25 जुलाई 2818 को बिजनौर निवासी आशिफ से हुई थी। शादी के बाद ही शिकायतकर्ता महिला की बेटी को उसका पति और अन्य। सुसराल के लोग दहेज लाने की बाबत शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। दहेज में कार वा 5 लाख रुपए नकद वा जेवर मांगा करते थे। आरोप है कि बेटी को ना देने पर पति समेत सुसराल पक्ष मारपीट करते थे। बेटी ने आपबीती अपनी मां को बताई। मा ने किसी तरह से ढाई लाख का इंतजाम कर उसके पति को दिए। उसके बावजूद भी यह लोग संतुष्ट नहीं हुए। बेटी के साथ अमानवीय और क्रूर व्यवहार करने लगे।

शिकायतकर्ता महिला का कहना है कि इन सब लोगों ने उसकी बेटी को मारने की योजना बना ली थी। आरोप है कि बेटी को मारने की कई बार धमकी दे चुके थे। अगर उनकी दहेज की मांग पूरी नहीं की तो वह उसे जान से मार देंगे। मां का कहना है कि उनकी बेटी ने मौत के एक दिन पहले यह सारी बात बताई थी।और वह बहुत ही डरी और सहमी हुई थी, रो रही थी।

आरोप है कि उसका पति बेटी को मारने की योजना बनाकर और संतान होने की बाबत इलाज कराने के बहाने चंडीगढ़ ले गए।

एक अप्रैल 2024 को आरोपी पति और अन्य सुसराल पक्ष पर आरोप है कि उनकी दहेज की मांग पूरी ना होने पर उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जिसकी जानकारी शिकायतकर्ता मां को मिली। जैसे ही मां पहुंची तो उसने देखा कि उसकी बेटी मृत पड़ी है। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी।

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति और अन्य सुसराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बेटी का पोस्टमार्टम चंडीगढ़ के अस्पताल में हुआ था।

## चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन का काम 80 फीसदी हो चुका पूरा

# पीएम मोदी कर सकते हैं 462 करोड़ की परियोजना का उद्घाटन

रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के मुताबिक, फुटओवर ब्रिज, दोनों तरफ स्टेशन बिल्डिंग और पार्किंग फरवरी तक बनकर तैयार हो जाएगी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** चंडीगढ़ के अलग-अलग विभागों में करोड़ों की विकास परियोजनाएं फिलहाल चल रही हैं जिनके 2025 के दौरान पूरा होने की संभावना है। इन परियोजनाओं से आम इंसान की जिंदगी बदलने जा रही है। रेलवे स्टेशन से लेकर पंजाब यूनिवर्सिटी का मल्टीपर्पज हाल, जिला अदालत में पार्किंग की सुविधा न होने से हो रही दिक्कतों पर लगाम लगेगी। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन जिसका 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है, इस वर्ष जनता को समर्पित हो सकता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 462 करोड़ की परियोजना का उद्घाटन करने की संभावना है। इसके एयर कॉनकोर्स का काम प्रगति पर है। रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के मुताबिक, फुटओवर ब्रिज, दोनों तरफ स्टेशन बिल्डिंग और पार्किंग फरवरी तक बनकर तैयार हो जाएगी। नए स्टेशन में आगमन और प्रस्थान के लिए अलग-अलग क्षेत्र होंगे। 30 लिफ्टों, 10 एस्केलेटर और 12 मीटर के दो फुट-ओवर ब्रिज के साथ चंडीगढ़ और पंचकूला दोनों तरफ (60 मीटर × 42 मीटर) के जी+3 स्टेशन भवन बन रहे हैं। 25 हजार वर्गमीटर का पार्किंग क्षेत्र विकसित किया गया है। चंडीगढ़ स्टेशन पर दैनिक यात्रियों की संख्या 36 हजार है और 80 से अधिक ट्रेनें यहां से गुजरती हैं।

### सेक्टर 43 जिला अदालत में 81 करोड़ की लागत से नई पार्किंग जल्द

मार्च 2025 में सेक्टर 43 में जिला अदालत परिसर में एक बहु-स्तरीय पार्किंग परिसर बनेगा। 4.5 एकड़ के भूखंड पर 81 करोड़ की लागत से इसे बनाया जा रहा है। पांच-स्तरीय पार्किंग में लगभग 2,000 कारों को जगह मिलेगी। चार मंजिला जिला अदालत परिसर में 31 अदालत कक्ष हैं। फिलहाल कोर्ट परिसर के आसपास सड़क किनारे वाहन खड़े किये जाते हैं। नवंबर 2023 में, जब पुलिस ने सड़क किनारे पार्क किए गए वाहनों के चालान जारी करना शुरू किए तो वकील हड़ताल पर चले गए। बाद में, टकराव से बचने के लिए सड़क के किनारे पार्किंग के लिए कुछ क्षेत्र चिह्नित किए गए। चंडीगढ़ जिला अदालतों में लगभग 3 हजार वकील प्रैक्टिस कर रहे हैं।

### पीयू मल्टी पर्पज हॉल में इस साल करना चाहता है दीक्षांत समारोह

पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) मार्च 2025 से साउथ कैंपस में अपना बहुउद्देशीय सभागार खोलेगा। इस परियोजना को 2009 में तत्कालीन प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह ने लॉन्च किया था। इस परियोजना पर 80 करोड़ से अधिक खर्च किए गए हैं। शुरू में उम्मीद थी कि सभागार में 2,400 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता है। मुख्य सभागार के अलावा, तीन सेमिनार हॉल होंगे जिनमें 600 लोग बैठ सकते हैं। कुल कवर क्षेत्र 1.4 लाख वर्ग फुट है और परिसर में एक पार्किंग क्षेत्र, पहुंच सड़कें, सबस्टेशन, पावर बैकअप, एसी प्लांट, लिफ्ट और एक अग्निशमन प्रणाली शामिल है। इसमें एक वीआईपी वर्कशॉप, ग्रीन और रिहर्सल रूम भी हैं। पंजाब विश्वविद्यालय यहां 2024-25 का दीक्षांत समारोह आयोजित करना चाहता है।

## एमसीसी मेयर चुनाव में बनते बिगड़ते समीकरण

# आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन संदेह के घेरे में!

इस बार भाजपा को मिल सकते हैं चंडीगढ़ में मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर के पद?

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** आगामी 24 जनवरी को होने वाले मेयर और डिप्टी मेयर के चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी की तरफ से मेयर प्रत्याशी अभी तय नहीं हो सके हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के सहप्रभारी डॉ. एस.एस. आहलूवालिया इस कार्यवश हाईकमान कार्यालय दिल्ली पहुंचे थे। किंतु दिल्ली विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इस बात की चर्चा नहीं हो सकी।

बता दें कि 'आप' से प्रेमलता, अंजू कत्याल, जसविंदर कौर और सुमन शर्मा दावेदार हैं। किंतु अभी किसी का नाम क्लीयर नहीं हो सकता है। अटकलें यह भी हैं कि आप-कांग्रेस का चंडीगढ़ में गठबंधन रहेगा भी या नहीं। हालांकि यहां स्थानीय स्तर पर आप-कांग्रेस नेताओं में अभी गठबंधन रहने की बातचीत चल रही है। किंतु कांग्रेस भी आप की तरफ देख रही है कि पहले मेयर प्रत्याशी तय करें फिर देखेंगे। इससे लगता है कि दोनों दलों के नेताओं में आपसी खटास पनप चुकी है।

आप के दो पार्षद पूनम और नेहा अभी पार्टी से नाराज चल रही हैं। हालांकि जसबीर सिंह लाडी लोकल लीडरशिप से नाराज हैं। किंतु अरविंद केजरीवाल के प्रति वह अभी आस्था जताते हैं। इसलिए वह पार्टी के खिलाफ नहीं हैं।




### मेयर प्रत्याशी तय होने पर कांग्रेस की रणनीति बनेगी

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एच.एच. लक्की ने कुछ दिनों पूर्व पार्षदों की एक बैठक बुलायी थी। इसमें कहा गया था कि पार्टी पार्षद एकजुट होकर चलें और किसी अन्य की बातों में न आयें। आप का मेयर प्रत्याशी तय होने के बाद ही अगली रणनीति बनेगी। हालांकि मीटिंग में शहर के विकास कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया गया था। पार्षदों से अपने वार्ड के लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके हल निकालने के लिए कहा गया था। इस बैठक में पार्षदों के अलावा दो पार्षद पति भी शामिल थे। बाद में मेयर चुनाव को लेकर चर्चा होगी।

### भाजपा प्रत्याशी आज आयेंगे चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रभारी सांसद अतुल गर्ग आगामी 15 जनवरी को चंडीगढ़ पहुंच रहे हैं। इससे पूर्व वह विगत शुक्रवार को यहां आने वाले थे। उनके आने पर ही भाजपा की तरफ से चंडीगढ़ मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए प्रत्याशियों के नामों पर भी विचार विमर्श होगा। हालांकि भाजपा में मेयर प्रत्याशी हरप्रीत कौर बबला का नाम लगभग तय माना जा रहा है। किंतु अंदरखाते कुछ लोगों ने भी इच्छा जतायी है। अब मेयर चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा की जायेगी।

### गठबंधन के बाद भी क्रॉस हो सकी हैं वोटें

आप-कांग्रेस गठबंधन मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर का चुनाव लड़ती भी है तो इस बार आम आदमी पार्टी के दो से तीन पार्षदों के वोट क्रॉस होने की अटकलें लगायी जा रही है। यही नहीं एक से दो पार्षद कांग्रेस के भी भाजपा के संपर्क में हैं। तात्पर्य यह कि पार्टी में ही रहकर वोट क्रॉस कर सकते हैं। इससे गठबंधन का मेयर प्रत्याशी मतगणना में पिछड़ सकता है। इस बार वोट क्रॉस होने की पूरी संभावना जतायी जा रही है। यदि आप-कांग्रेस दोनों ही दलों ने अपने पार्षद के साथ मीटिंग करके तामले बनाकर नहीं रखा तो कम से कम चार वोटें क्रॉस होने की संभावनाएं हैं। इसके लिए भाजपा नेता काफी संयम से काम कर रहे हैं।

### गठबंधन कायम है: आहलूवालिया

आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के सहप्रभारी का कहना है कि अभी तक गठबंधन कायम है। मेयर प्रत्याशी का फैसला हाईकमान द्वारा तय किया जायेगा। बता दें कि यदि सब कुछ ऐसे ही चलता रहा तो इस बार मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर सहित तीनों प्रमुख पदों पर भाजपा काबिज हो सकती है। किंतु अभी कुछ भी कहना समय के पूर्व होगा।

सम्पादकीय

# श्रीनगर-दिल्ली के बीच की दूरियां अब गुजरे जमाने की बात

यह वही जम्मू-कश्मीर है, जहां आज से कुछ समय पहले तक आतंकवाद का वह दौर जारी था, जिसने न केवल इसे पूरे देश से बल्कि दुनिया से भी अलग-थलग कर दिया था। मोदी सरकार ने घाटी को देश से अलग करने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म करके जिस प्रकार यहां के रास्ते शेष भारत के लिए खोले थे, अब उन्हीं रास्तों पर आगे बढ़ते हुए जम्मू-कश्मीर भारत में घुल मिल चुका है। श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर गगनगीर व सोनमर्ग के बीच 6.4 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण घाटी के विकास की कहानी में एक और अध्याय बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सुरंग का लोकार्पण करके देश को वह ताकत प्रदान की है, जोकि विरोधी पड़ोसी देशों की पेशानी पर नया बल डाल रही है, वहीं आतंकियों को भी अब छिपने को मजबूर कर रही है। सोनमर्ग सुरंग का निर्माण जम्मू-कश्मीर के विकास की दिशा में मील का पत्थर का साबित होगा वहीं सामरिक दृष्टि से भी इस सुरंग ने अब विरोधी देशों के समक्ष भारत को और प्रखरता से स्थापित कर दिया है। देश के लिए अपनी सीमाओं की रक्षा सर्वोपरि है और लेह-लद्दाख में चीन के साथ लगती सीमा पर भारतीय सुरक्षा बलों का पहुंचना अब कुछ मिनटों की बात होगी।

**अगर सोनमर्ग सुरंग ने देश को सीमा के आखिरी छोर तक जोड़ दिया है तो इस उद्घाटन कार्यक्रम के जरिये श्रीनगर और दिल्ली के बीच की दूरियां भी घट चुकी हैं। एक वह दौर था, जब घाटी में सरकार के सुर दिल्ली से जुदा ही रहते थे। बीती तमाम सरकारों के समय ऐसा हुआ जब राज्य सरकार अपने ही मंसूबे लेकर बैठी रही और प्रदेश का विकास आगे नहीं बढ़ सका। हालांकि अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद केंद्र सरकार ने घाटी में खुद शासन चलाया और यहां के राजनीतिक दल दिन-रात यह कहते नहीं थकते कि घाटी में लोकतंत्र को खत्म कर दिया गया है।**

अगर सोनमर्ग सुरंग ने देश को सीमा के आखिरी छोर तक जोड़ दिया है तो इस उद्घाटन कार्यक्रम के जरिये श्रीनगर और दिल्ली के बीच की दूरियां भी घट चुकी हैं। एक वह दौर था, जब घाटी में सरकार के सुर दिल्ली से जुदा ही रहते थे। बीती तमाम सरकारों के समय ऐसा हुआ जब राज्य सरकार अपने ही मंसूबे लेकर बैठी रही और प्रदेश का विकास आगे नहीं बढ़ सका। हालांकि अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद केंद्र सरकार ने घाटी में खुद शासन चलाया और यहां के राजनीतिक दल दिन-रात यह कहते नहीं थकते कि घाटी में लोकतंत्र को खत्म कर दिया गया है। यहां बार-बार इसकी मांग की जाती थी और विरोधी देश अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चीखते हुए ऐसा कहते थे कि घाटी के लोगों पर अन्याय और अत्याचार हो रहा है। उस समय विपक्ष के तमाम नेताओं को नजरबंद भी किया गया और इसकी पुरजोर आलोचना की गई। हालांकि उस समय जो हुआ, वह उन हालात के लिए आवश्यक था। केंद्र सरकार ने अपने वादे के अनुसार तय समय पर चुनाव सुनिश्चित कराए और चुनाव आयोग ने अपनी भूमिका का निर्वाह करते हुए निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए। अब बदले दौर की कहानी सुनिए कि राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी चुनाव आयोग की प्रशंसा कर रहे हैं। हालांकि उनकी नेशनल कांफ्रेंस उसी इंडिया गठबंधन की हिस्सेदार है, जोकि चुनाव आयोग को पानी पीकर कोस रहा है और देश में लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बीच जो तारतम्य नजर आया है, वह आज की राजनीति के लिए सबक है। बेशक, राजनीतिक विचारधारा अपनी जगह है, लेकिन जनता के कल्याण के लिए विरोधियों को भी एक मंच पर और एक विचार के साथ सामने आना चाहिए। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाई थी और वे एक सुलझे हुए राजनेता हैं। मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद ही उन्होंने इसकी उम्मीद जताई थी कि अब श्रीनगर और दिल्ली के बीच की दूरी खत्म होगी। जाहिर है, उनके लिए घाटी का विकास प्राथमिकता है न कि देश में ही कई अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों की भांति केंद्र के साथ टकराव रखकर विकास कार्यों से वंचित रहना। यह सच है कि विकास के लिए स्वार्थी होना पड़ता है, अगर एक राज्य सरकार यह मानकर चल रही है कि वह अपने आप में संपूर्ण है और केंद्र की उसे जरूरत नहीं पड़ेगी तो यह नासमझी होगी। जम्मू-कश्मीर किसी एक राजनीतिक दल की जरूरत नहीं है, यह देश का शीर्ष है और इसकी चमक पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाती है। इसका विकास यह साबित करता है कि किस प्रकार देश ने किसी दुश्मन देश की कुचालों को जवाब देते हुए एक अशांत हो चुके प्रदेश में मुहब्बत और तरक्की के फूल खिलाए हैं। हालांकि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने घाटी को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग भी की है, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सही समय पर निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। वास्तव में घाटी के बदल चुके हालात अब इसे देश के अन्य राज्यों की तुलना में तेजी से विकास पथ पर ले जा रहे हैं। इस अनुपम कार्य में यहां की जनता का सहयोग भी प्रशंसनीय है। घाटी में लोगों ने यह चाहा है कि यहां के हालात बदलें और चुनाव में उन्होंने भारी मतदान करके इसकी इच्छा जताई थी कि वे यहां बदलाव चाहते हैं। घाटी में परिवर्तन की बयार अब और तेज होने की उम्मीद है और यही पूरे देश की पुकार है।

# नए साल में नशामुक्त हरियाणा का संकल्प पूरा होगा?

## अमित शाह ने MANAS-2- एप व हेल्पलाइन की शुरुआत की

हरियाणा के खानपान व युवाओं को लेकर वर्षों से गीत गाने बनते रहे हैं और कई गीतों ने तो लोकगीतों का रूप धारण किया है, जो आज भी हर किसी की जुबान पर हैं । 'देसां मैं देश हरियाणा -



जित दूध दही का खाणा', 'हरियाणा का हर छोरा छः फुट का लागै सै- तगड़ेपन का सबके दिल मैं खटका लागे सै।', इसी खानपान व बेहतर स्वास्थ्य की वजह से आज भारतीय सेना में हर दसवां जवान हरियाणा से है। इतना ही नहीं खेल जगत में भी हरियाणा के युवाओं ने अपने प्रदेश के साथ-साथ हिंदुस्तान को नई पहचान दी है। अब प्रदेश का युवा नशे की लत में जकड़ता जा रहा है। यह प्रदेश की सरकार के साथ-साथ, सामाजिक संस्थाओं समाजसेवियों, शिक्षण संस्थाओं व आमजन के लिए बहुत ही चिंतनीय विषय है।

ऐसा कोई नशा नहीं है, जो हरियाणा में प्रयोग न किया जा रहा हो। शराब, कच्ची शराब, नकली शराब, चिट्टा, अफीम, गांजा, हेरोइन व नशीली दवाओं से लेकर स्नेक बाइट तक के मामले सामने आ रहे हैं। नशा करने वालों में 18 से 35 वर्ष के युवाओं की संख्या अधिक है। हरियाणा में नशे की समस्या भयावह हो चुकी है। हरियाणा के युवाओं की जवानी खत्म हो रही है। सरकार खुद मानती है कि 22 जिलों में से डेढ दर्जन के लगभग जिले नशे की गंभीर चपेट में हैं। अब हरियाणा सरकार ने प्रदेश से नशे को जड़मूल से खत्म करने के लिए नए साल में नशा मुक्ति हरियाणा का संकल्प लिया है। हरियाणा में तीसरी बार बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने संकल्प लिया है कि इस साल हरियाणा के 70 प्रतिशत गांवों को नशा मुक्त किया जाएगा। राज्य सरकार के दावों के अनुसार अब तक प्रदेश के लगभग 50 प्रतिशत यानी आधे गांव नशा मुक्त किये जा चुके हैं। इन दावों में कितनी सच्चाई है, यह तो प्रदेश की खुफिया विभाग की रिपोर्ट बताती है कि प्रदेश के गांवों में और तेजी से नशा बढ़ रहा है, अभी भी 900 से ज्यादा गांव नशे से बेहद प्रभावित हैं। लगभग सभी जिलों में ओसतन दो-दो दर्जन गांव शामिल हैं।

हरियाणा में बढ़ते नशे के मामलों की गवाही सरकार के आंकड़े भी दे रहे हैं। वर्ष 2024 यानि गत वर्ष में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 3000 के लगभग केस दर्ज किए जा चुके हैं और 4000 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन लगभग आधा दर्जन और हर महीने सवा दो सो मामले सामने आ रहे हैं। हर रोज एक दर्जन और हर महीने साढे तीन सौ से अधिक नशा तस्करों को पकड़ा जा रहा है। इनके अलावा ऐसे भी बहुत से मामले हैं, जो दर्ज ही नहीं किए गए या रिपोर्ट ही नहीं हुए।

नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के हरियाणा पुलिस के दावे धीरे धीरे कमजोर पड़ते नजर आ रहे हैं। पुलिस तस्करों का नेटवर्क नहीं तोड़ पा रही बल्कि हरियाणा के भविष्य को खोखला कर रहे नशा तस्करों ने नेटवर्क और मजूबत किया है। खासकर पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के साथ लगते जिलों में नशे के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की 2023-24 की रिपोर्ट में ये भी सामने आया है कि हरियाणा में नशे की सप्लाई में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ये स्थिति तो तब है कि जब बढ़ते नशे के मामले की खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पिछले तीन साल में दो बार उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में नशे पर चिंता जता चुके हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को नई दिल्ली में 'ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। गृह मंत्री ने ड्रग विनष्टीकरण पखवाड़े का शुभारंभ, हृष्टक्क के भोपाल



जोनल यूनिट के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन व सबसे महत्वपूर्ण काम MANAS-2 हेल्पलाइन के 36 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में विस्तारीकरण की शुरुआत की। उन्होंने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे MANAS एप और टोल फ्री नंबर को लोकप्रिय बनाएं। टोल फ्री नंबर पर आने वाले सभी कॉल्स पर त्वरित और परिणामलक्षी कार्यवाही कर इसकी विश्वसनीयता बढ़ाना भी हमारी साझा ज़िम्मेदारी है। गृहमंत्री के अनुसार इस हेल्पलाइन पर 25 हज़ार से अधिक लोगों ने रिस्पॉंड किया है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि जो भी फोन आए उस पर हम कार्रवाई करें, तभी यह प्रयास परिणामलक्षी बन सकेगा और नशामुक्त भारत की सिद्धि में मदद करेगा।

सम्मेलन में पंजाब के राज्यपाल और चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाब चन्द कटारिया, जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ इस बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि हरियाणा सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई में पड़ोसी राज्यों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए पंचकूला में अंतर्राज्यीय सचिवालय की स्थापना की है। इस सचिवालय से हरियाणा उत्तरी राज्यों पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड और राजस्थान से मादक पदार्थों की तस्करी और आवाजाही के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सांझा करेगा।

केंद्रीय जांच एजेंसियों के अनुसार हरियाणा के 16 जिले नशे से सबसे अधिक प्रभावित हैं। इनमें पहला नंबर सिरसा और फतेहाबाद का आता है। इनके बाद हिसार,रेवाड़ी, यमुनानगर, अंबाला, जींद, कैथल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, करनाल, रोहतक, सोनीपत, कुरुक्षेत्र, नूंह व पलवल जिलों का नंबर आता है।

प्रदेश में हर साल औसतन 47 से 50 युवक नशे के कारण दम तोड़ रहे हैं। साल 2022 में 84 युवाओं ने नशे के कारण जान गंवाई थी। हरियाणा में इसमें हेरोइन,गांजा,चरस,अफीम,स्मैक, कैप्सूल और कफ सिरप जैसे नशे शामिल हैं। 2023 में लोकसभा में रखे आंकड़ों के मुताबिक 2014 से 2024 के बीच नशे से हरियाणा में 500 से ज्यादा मौत हो चुकी हैं। अब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए और नशे का नैक्सस तोड़ने के लिए पुलिस अधिकारियों को फ्री हैंड दे दिया है और कहा है कि अधिकारियों को 3 मोर्चों पर प्रभावी रुप से काम करना होगा।पहला जहां से नशा तस्कर होता है, दूसरा जहां नशा रुकता है और जहां सप्लाई होता है। अब देखने वाली बात ये है कि हरियाणा पुलिस समाजिक संस्थाओं और आमजन के साथ बेहतर समनव्य स्थापित कर कितनी ईमानदारी और दृढ इच्छा से काम कर पाती है, तभी सरकार द्वारा नए वर्ष में लिया गया नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प पूरा हो पाएगा।

**–सतीश मेहरा**

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## पंचायती चुनाव : पंजाब सरकार के लिए एक चुनौती

चंडीगढ़। पंजाब में आज पंचायत चुनाव शुरु हो गये है। ये चुनाव सरकारी दफ्तरों से लेकर गांवों की चौपाल तक सबकी उत्सुकता, दिलचस्पी व गर्मागर्म बहस का विषय बने हुए है। याद रहे बेअंत सिंह सरकार को अस्तित्व में आए एक साल पूरा हो रहा है इस बीच पंजाब सरकार ने कितना खोया, कितना पाया- इसका निर्णय कांग्रेस को इन चुनावों में मिले स्थान को देखकर ही हो जाएगा। इसमें कोई शक नहीं कि पंजाब की हालत में पहले से काफी सुधार हुआ है। सरकार ने पुलिस महानिदेशक केपीएस गिल के नेतृत्व में पुलिस तथा सुरक्षा बलों की सहायता से पंजाब की जनता का खोया हुआ विश्वास लौटाया है। हिंसक घटनाओं में कभी व शांत वातावरण स्पष्ट ही द्रष्टव्य है। बेअंत सिंह सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने अकालियों को इस चुनाव में हिस्सा लेने के लिए मजबूर कर दिया है। जनवरी 1992 में हुए चुनावों में भाग न लेकर अकालियों ने जो गलती की थी वे उसेदोहराना नहीं चाहते। इन चुनाव में मुख्य टक्कर कांग्रेस व अकालियों में ही है। कांग्रेस ने अपने चुनाव प्रसार का मुख्य मुद्दा बनाया है- पिछले एकसाल में हुई अपनी उपलब्धियों की, खास कर पंजाब की सुधरती हुई दशा व शांति की बहाली की। दूसरी तरफ अकालियों के चुनाव प्रसार का मुख्य मुद्दा है सरकार द्वारा की गई कथित ज्यादतियों, कई अकाली कार्यकर्त्ताओं की गिरफ्तारियां तथा सुरक्षा बलों व पुलिस के साथ हुई झूठमुठ की मुठभेड़ों को। जहां कांग्रेस कोअपनी सफलता का पूरा विश्वास हैवहीं अकालियों को अपनी विजय पर कोई शक नहीं।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1759- लंदन के मोंटेगुवे हाउस में मानवीय इतिहास और सभ्यता पर आधारित दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालयों में से एक ब्रिटिश संग्रहालय की स्थापना हुई।

1784- विलियम जोंस ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना की। बाद में इसका नाम एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल हो गया।

1934- भारत में बिहार और नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में आए जबरदस्त भूकंप से करीब 11 हजार लोगों की मौत।

1949- के एम करियप्पा ने भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया। उस दिन से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

1956- बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती का जन्म।

1965- भारतीय खाद्य निगम की स्थापना।

1986- जनरल के एम करियप्पा (सेवानिवृत्त) को आजन्म मानद फील्ड मार्शल बनाया गया।

1986- इंडियन एयरलाइंस की एक वाणिज्यिक यात्री उड़ान को पहली बार केवल महिला चालक दल ने संचालित किया।

1988- भारत के पूर्व गेंदबाज नरेंद्र हिरवानी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुये वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में ही 16 विकेट लिए।

1998- भारत के भूतपूर्व कार्यकारी प्रधानमंत्री गुलज़ारीलाल नन्दा का निधन।

2008- खगोलविदों ने धरती से 25 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर की आकाश गंगा पर जीवन के लिये जरूरी तत्व खोजने का दावा किया।

2009- दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध फ़िल्मि निर्माता तपन सिन्हा का निधन।

2010- तीन घंटे से भी अधिक की अवधि वाला शताब्दी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण लगा। भारत में यह 11 बजकर छह मिनट पर शुरू होकर 3 बजकर पांच मिनट पर खत्म हुआ।

2013- सीरिया की अलेप्पो यूनिवर्सिटी पर रॉकेट हमले में 83 लोगों की मौत, 150 लोग घायल।

2016- पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में ऑगाडोगू के होटल में आतंकवादी हमले में 28 लोगों की मौत, 56 अन्य घायल।

## बोल ब्यूटीफुल

**शेखर कपूर:** लास एंजिलिस में लगी



आग में करोड़ों डालर की संपत्ति खाक होने को मुख्य चिंता के रूप में पेश किया जा रहा है, लेकिन याद रखिए कि घर तो घर ही होता है, चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में हो। इसी तरह मानवीय जीवन भी अनमोल है, चाहे वह कहीं भी हो। जलवायु संकट हर जगह दस्तक दे चुका है। आग जोर पकड़ने से पहले संपत्ति का मूल्य नहीं देखती।

**अमिताभ अग्निहोत्री:** विश्व के विशालतम आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुंभ का तीर्थराज प्रयाग में शुभारंभ हो गया। संतों की आध्यात्मिक आभा और कल्पवासियों की श्रद्धा से आलोकित यह महाकुंभ अद्भुत है। भारत के स्व और आत्म तत्व का शंखनाद भी यह महाकुंभ।

मुद्दा

# तीन कृषि कानूनों की बैकडोर से एंट्री कराने की कोशिश

कृषि क्षेत्र देश की आर्थिक स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत में कृषि को शोषण से बचाने के लिए सरकारी मंडी व्यवस्था लागू की गई थी। देश के विभिन्न प्रदेशों में कृषि उपज विपणन विनियमन अधिनियम, 1956 (एपीएमआर) के अंतर्गत राज्य सरकारों को स्वायत्तशासी कृषि उपज विपणन मंडी समिति (एपीएमसी) द्वारा सरकारी प्राथमिक और सब मंडियां स्थापित करने के लिए प्रावधान दिए गए हैं। यह अधिनियम क्षेत्र में उत्पादित कृषि खाद्यान्नों और अन्य उत्पादों दाल, तिलहन, चीनी, फल, सब्जी, दूध, डेयरी उत्पाद मीट, मछली, पोल्ट्री चिकन, भेड़, बकरी, पटसन, नारियल, मूंगफली को अधिसूचित करता है। इसका उद्देश्य किसानों की कृषि उपज को बिक्री और भंडारण के लिए उचित व्यवस्था देना है। इन उत्पादों की पहली बिक्री अधिनियम के अंतर्गत गठित एपीएमसी के संरक्षण में मंडी में होगी।







किसान संगठनों का कहना है कि हालांकि, एपी एमसी अधिनियम के अंतर्गत मंडी व्यवस्था में ढांचागत सुधारों की आवश्यकता है, लेकिन जो संरक्षण किसानों को इस अधिनियम के अंतर्गत मिल रहा है, उसको भी सुधारों के नाम पर वर्तमान सरकार ख़त्म करने की नीतियों को बढ़ा रही है। किसानों को कृषि के उत्पादन में होने वाली कठिनाइयों के समाधान करने की बजाय सरकार ऐसी नीतियों को लागू कर रही है, जो सीधे पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए हैं।

वर्ष 2020 में लाये गए तीन कृषि कानूनों को रद्द करवाने के लिए एक लम्बा आंदोलन किसानों ने किया था। अब फिर से उन कानूनों को नए प्रारूप में सरकार राज्यों के द्वारा आगे बढ़ा रही है। नेशनल पालिसी ड्राफ्ट फ्रेमवर्क ऑन एग्रीकल्चर मार्केटिंग का मसौदा इसका सबूत है। 4 जनवरी को हरियाणा के टोहाना में हुई महापंचायत में किसान संगठन के नेताओं ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि सरकार के द्वारा लाये जा रहे इस नए मसौदे का पूरे देश में विरोध किया जायेगा। किसान नेताओं और पंजाब सरकार ने इस नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि यह 2020 में पेश किये गए तीन कृषि कानून और किसानों के विरोध के बाद 2021 निरस्त किये गए कानूनों से ज्यादा घातक है।

तीन कृषि कानून 2020 में भारत की संसद में पास किये गए थे, जिन्हें किसान संगठनों के विरोध के बाद दिसंबर, 2021 में निरस्त कर दिया गया था। उनमें पहला कानून किसान उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अधिनियम, 2020 था। इस कानून में किसानों को अधिसूचित मंडियों के बाहर अपनी उपज बेचने की अनुमति दी गई थी।

इसका उद्देश्य किसानों को अधिक विकल्प और बेहतर मूल्य प्रदान करना बताया गया था, लेकिन किसानों की आशंका थी कि ऐसा करने से स्थापित मंडी व्यवस्था टूट जाएगी और किसानों को अपनी फसल बड़े व्यापारियों द्वारा बनाई गई प्राइवेट मंडियों में औने-पौने दामों में बेचने के लिए विवश होना पड़ेगा। किसान फिर से शोषण के कुचक्र में फंस जाने को बाध्य होगा।

नए नेशनल पालिसी फ्रेमवर्क ड्राफ्ट ऑन एग्रीकल्चर मार्केटिंग का मसौदा एपीएमसी के तहत बनाई गई किसान पारम्परिक मंडियों के समानांतर निजी खरीददारों व अन्य उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष रूप में कृषि उपज खरीदने के लिए प्राइवेट मंडी बनाने पर प्रावधान करता है। यह गोदामों और शीत भंडारण सुविधाओं जैसे स्थायी बुनियादी ढांचे में निजी पूंजी के प्रवेश को प्रोत्साहित करता है। कृषि क्षेत्र में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिजिटल ट्रेडिंग और इ-मार्केटिंग को बढ़ावा देता है, जिस का सीधा प्रभाव किसानों के सीमित कार्यप्रणाली पर पड़ेगा और किसानों के शोषण को निजी बड़े कॉर्पोरेट्स के हवाले करने की कवायद बन सकता है।

दूसरा कानून मूल्य आश्वासन और कृषि सेवाओं पर किसान ( सशक्तिकरण और संरक्षण) अधिनियम, 2020 था, जिसमें अनुबंध खेती के लिए ढांचा प्रदान किया गया था। किसानों को कृषि व्यवसाय फर्मों प्रसंस्करणकर्ता थोक विक्रेताओं निर्यातकों या बड़े खुर्द व्यापारियों के साथ पूर्व सहमत मूल्य पर भविष्य के कृषि उपज बिक्री के लिए अनुबंध करने के लिए सक्षम बनाया गया था।

मसौदा नीति निजी निवेश और बुनियादी ढांचे के विकास में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा देता है, जो कि निरस्त किये गए दूसरे कानून कृषक मूल्य आश्वासन समझौता के अनुरूप ही है। किसानों की चिंताएं हैं कि सरकार निरस्त किये गए कानूनों के कुछ प्रावधानों को इसमें शामिल कर रही है। इसके अलावा मसौदे में न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) पद्धति को सुनिश्चित और सुदृढ़ करने के कोई सुझाव नहीं, जिससे आशंका बढ़ती है कि किसी अन्य वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर न्यूनतम समर्थन मूल्य को कमजोर किया जा सकता है।

इस नई नीति में त्रस्ञ्च पर राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त परिषद के समरूप राज्य कृषि मंत्रियों की अधिकार प्राप्त कृषि विपणन सुधार परिषद के गठन का प्रस्ताव है, जो कि संघीय ढांचे में निहित राज्यों के कृषि क्षेत्र पर अधिकार को सीमित करता है। इस नीति में एग्री ट्रेड को सुगम बनाने के प्रस्ताव भी हैं। कृषि के जानकारों का मानना है कि यह सीधे-सीधे बड़े कॉर्पोरेट्स के लिए एग्री ट्रेड में निवेश का रास्ता बनाया गया है।

इसमें फसल बीमा योजना के आधार पर फसल मूल्य बीमा योजना को शामिल किया गया है। किसान संगठनों का कहना है कि फसल बीमा योजना की खामियों को अभी तक दूर किया नहीं गया, जिसमें सबसे बड़ी कमी समय पर मुआवजे देने को लेकर है, जिसके लिए बार-बार जिला स्तर पर किसानों को संघर्ष करना पड़ रहा है।

आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम, 2020 अनाज, दालें, तिलहन, खाद्य तेल, प्याज और आलू जैसी वस्तुओं को आवश्यक वस्तुओं की सूची से हटा दिया गया, जिसका उद्देश्य इन वस्तुओं के उत्पादन, भंडारण और बिक्री को नियंत्रण मुक्त करना था। इसके बारे में नए मसौदे कोई स्पष्टता नहीं दी गई है।

किसान संगठनों ने टोहाना में फैसला किया है कि इस नई नीति के विरोध फिर से आंदोलन करना होगा, जो पूरे देश में सभी संगठन मिलकर करेंगे। वर्तमान में चल रहे किसान आंदोलन पर राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि किसान अपनी मांगों के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे और मांगें मंजूर होने तक खनौरी और शम्भू मोर्चों पर आंदोलन जारी रहेगा।

**रिपोर्ट: जगदीप सिंह सिंधु**

# सभी पात्र परिवारों को जल्द ही मिलेंगे 100-100 गज के प्लाट: मुख्यमंत्री

## सीएम नायब सैनी ने हाउसिंग फॉर आल विभाग की सभी योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

बुनियादी सुविधाओं के लिए 100 करोड़ रूपए की राशि की पहले ही स्वीकृत

हाउसिंग बोर्ड के प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़े

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' और 'प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के तहत प्रदेश सरकार सभी गरीब परिवारों को जल्द ही आशियाना उपलब्ध कराएगी। इसके लिए हाउसिंग फॉर आल विभाग द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किये जा चुके हैं। प्रदेश के पात्र लोगों को 100-100 वर्ग गढ़ के प्लाट आबंटन की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहाँ आयोजित की गई हाउसिंग फॉर आल विभाग की समीक्षा बैठक में यह जानकारी प्रदान की गई।

योजना के तहत 100-100 वर्ग गज के प्लॉट शहरों की तर्ज पर सभी बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित विकसित कॉलोनियों में दिए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा 100 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है।

बैठक में मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, हाउसिंग फॉर आल विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन, महानिदेशक श्री जे गणेशन, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक श्री चंद्रशेखर खरे सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में हाउसिंग फॉर आल बैठक की अध्यक्षता करते हुए। फोटो: अजय गौतम

### पेमेंट के लिए लोन की भी हो व्यवस्था

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र परिवारों को फ्लैट या प्लाट आबंटन के लिए दी जाने वाली राशि को बैंकों के माध्यम से फाइनेंस करवाए जाने की सुविधा भी हो ताकि एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था न होने की स्थिति में भी कोई पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में बताया गया कि योजनाओं के तहत प्रदेश में ऐसे सभी पात्र परिवारों को चिन्हित किया जा चुका है, जिनके पास अपने स्वयं के घर, घर बनाने के लिए जमीन अथवा फ्लैट नहीं है और जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 5 लाख से अधिक लोगों ने 100 वर्ग गज के प्लॉट के लिए आवेदन किया है और सभी पात्र लाभार्थियों को जल्द ही विभिन्न चरणों में प्लॉट मिलेंगे। इसकी प्रकार, योजना के तहत महाग्राम पंचायतों में 50 वर्ग गज के प्लाट आबंटित किये जायेगे। इसी प्रकार, राज्य सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना' के तहत शहरों में रहने वाले वाले लगभग 2.89 लाख से अधिक ऐसे परिवारों द्वारा घर के लिए आवेदन किया गया था, जिनके पास अपना घर नहीं है और जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है। इसमें प्लाट के लिए लगभग 1.51 लाख तथा फ्लैट के लिए 1.38 लाख लोगों ने आवेदन किया है। इसमें से 15256 को गत वर्ष प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर जारी किये जा चुके हैं।

### हाउसिंग बोर्ड के प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ेः मुख्यमंत्री

बैठक में जानकारी दी गई कि हाउसिंग बोर्ड हरियाणा ने लगभग 80,000 आवंटियों के डेटा के प्रबंधन के लिए प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर को सफलतापूर्वक डिजाइन और विकसित किया है। इससे पहले, संपत्तियों के सभी रिकॉर्ड भौतिक बहीखातों में एस्टेट मैनेजरों द्वारा मैन्युअल रूप से बनाए रखे जाते थे। आवंटियों को अपने ईएमआई भुगतान करने के बाद इन बहीखातों में अपने विवरण को अपडेट करने के लिए संबंधित एस्टेट मैनेजर के कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे। इसके अलावा, प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल को जमाबंदी पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हाउसिंग बोर्ड हरियाणा के तहत संपत्तियों के निर्बाध पंजीकरण की सुविधा मिलती है। यह एकीकरण संपत्ति रिकॉर्ड में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम को परिवार पहचान पत्र के साथ भी लिंक किया जाए ताकि भविष्य में योजनाओं का और बेहतर क्रियान्वयन हो।

### प्रदेश की सभी सहकारी चीनी मिलों में 'जैव ईंधन ब्रिकेटिंग प्लांट' स्थापित किए जाएंः मुख्यमंत्री

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की सभी सहकारी चीनी मिलों में 'जैव ईंधन ब्रिकेटिंग प्लांट' स्थापित किए जाएं ताकि चीनी-मिलों की वित्तीय स्थिति में भी सुधार आ सके। वे आज यहां चंडीगढ़ में नारायणगढ शुगर मिल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैथल सहकारी चीनी में पायॅलट प्रोजेक्ट के तौर पर जैव ईंधन ब्रिकेटिंग प्लांट की स्थापना का कार्य शुरू किया जा चुका है, जिसमें बैगास की ब्रिकेट बनाकर हरियाणा के थर्मल पावर प्लाटों तथा अन्य उपभोक्ताओं को विक्रय किया जा रहा है। इससे चीनी-मिल की वित्तीय स्थिति में भी काफी सुधार आया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि इसी तर्ज पर प्रदेश की अन्य सहकारी चीनी मिलों में भी 'जैव ईंधन ब्रिकेटिंग प्लांट' की स्थापना की जाए। इससे चीनी -मिलों की वित्तीय स्थिति में भी सुधार आ सकेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सहकारी चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में सरकार द्वारा सहकारी चीनी मिलों एवं किसानों के हित में उठाए जा रहे कदमों एवं सहकारी चीनी मिलों की कार्यकुशलता में लगातार सुधार पर खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री को बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान पिराई सत्र 2024-25 में 13 जनवरी तक शुगरफैड से संबंधित सभी सहकारी चीनी मिलों ने कुल 113.56 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करते हुए औसत चीनी रिकवरी 8.70 प्रतिशत के साथ 9.18 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है। पिछले पिराई सत्र 2023-24 में रोहतक, सोनीपत, जींद, पलवल, महम, कैथल और गोहाना सहकारी चीनी मिलों ने लगभग 7.14 लाख क्विंटल बैगास की बचत करते हुए 1630.31 लाख रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया था। बैठक में शुगरफेड के चेयरमैन श्री धर्मबीर सिंह डागर ने भी चीनी -मिलों की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए सुझाव दिए। इस अवसर पर बैठक में मुख्य सचिव श्री विवेक जोशी , मुख्यमंत्री के प्रमुख प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर , प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता , वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी , खाद्य , नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनंद मोहन शरण ,मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव श्री साकेत कुमार , कृषि विभाग के निदेशक श्री राजनारायण कौशिक , खाद्य , नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक श्री राजेश जोगपाल , हरियाणा स्टेट फेडरेशन ऑफ कोपरेटिव शुगर मिल्स के प्रबंध निदेशक श्री शक्ति सिंह के अन्य अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला फरीदाबाद के तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आगरा नहर सेक्टर 8 से गांव घरोरा तक चार लेन सड़क का किया जायेगा निर्माण

हरियाणा के जिला फरीदाबाद के तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आगरा नहर सेक्टर 8 से गांव घरोरा तक एमआईटीसी मुख्य चैनल के उपलब्ध आरओडब्ल्यू के भीतर चार लेन सड़क का निर्माण किया जायेगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने आज अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस सड़क के निर्माण के लिए भारत सरकार के राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर, हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले मंत्री श्री राजेश नागर और पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री मूलचंद शर्मा तथा आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों द्वारा मांग की गई थी और इस सड़क पर लगभग 81 करोड रुपए खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में, अधीक्षण अभियंता, गुरुग्राम सर्कल, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर शाखा, गुरुग्राम ने प्रस्तुत किया था कि एचएसएमआईटीसी ने फरीदाबाद में लगभग 30 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की थी और एक मुख्य चौनल का निर्माण किया था जिसे एमआईटीसी चैनल नंबर 1 कहा जाता है और फीडर चैनल जिसे एमआईटीसी चैनल नंबर 1 और 2 कहा जाता है, फरीदाबाद जिले में बनाया गया है। भारी नुकसान होने के कारण एचएसएमआईटीसी की गतिविधियां औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 25-0 के तहत 30.6.2002 को बंद कर दी गई थीं। 30.6.2002 से, ये चैनल छोड़ दिए गए हैं और चैनल की कुछ भूमि पर स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है और 13.490 किलोमीटर लंबाई में 23.46 मीटर चौड़ी पट्टी के साथ एमआईटीसी चैनल नंबर 1 की लगभग 30 हेक्टेयर भूमि है। उन्होंने बताया गया कि मंझावली में यमुना पर पुल का निर्माण पूरा हो चुका है और इसके निर्माण के बाद फरीदाबाद मंझावली रोड पर यातायात की तीव्रता में भारी वृद्धि होगी, जिससे जाम की स्थिति पैदा होगी क्योंकि यह सड़क कई गांवों से होकर गुजरती है। इस समस्या के समाधान के लिए, एमआईटीसी की भूमि का उपयोग फरीदाबाद को मंझावली और नोएडा से गांव घरोरा के माध्यम से जोड़ने के लिए नई सड़क के विकास के लिए किया जा सकता है और यह विभिन्न गांवों यानी मिर्जापुर, नीमका, तिगांव, भैंसरावली, रायपुर कलां और घरोरा आदि के लिए बाईपास के रूप में भी काम करेगी। इन गांवों को मौजूदा सड़कों के नेटवर्क के माध्यम से प्रस्तावित कॉरिडोर से भी जोड़ा जाएगा। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, जिला फरीदाबाद के तिगांव निर्वाचन क्षेत्र में खाली एचएसएमआईटीसी चैनल नंबर 1 पर नई सड़क का प्रस्ताव है।

## न्यूज ब्रीफ

### कल टोल प्लाजा फ्री करेगी किसान यूनियनः महावीर चहल



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन कमेरा वर्ग के पदाधिकारियों ने मंगलवार को खनौरी बॉर्डर और शंभू बॉर्डर पर करीब एक साल से चल रहे आंदोलन और सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल के 49 दिन से चल रहे आमरण अनशन को लेकर अहम मीटिंग की। मीटिंग में आंदोलन की अगली रुप रेखा तय की जिसमें फैसला लिया गया कि कैथल के नजदीक थाना टोल प्लाजा को 12 बजे से लेकर 2 बजे तक बंद रखा जाएगा। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर चहल नरड़ ने कहा कि सरकार किसान मजदूरों से वादा खिलाफी कर रही है और किसानों पर अत्याचार कर रही है जिसका हम कड़ा विरोध करते हैं। युवा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मागो माजरी व जिला अध्यक्ष बलकार मलिक खुराना ने कहा कि सरकार को हठधर्म और तानाशाही को छोड़ कर नर्म रवैया रख कर किए गए वादे पूरे करने चाहिए और किसान नेता जगजीत सिंह डलेवाल की जान बचानी चाहिए। किसान नेताओं ने सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की और सभी किसान संगठनों को एक साथ लड़ाई लडने् की अपील भी की। इस मौके पर कृष्ण मालखेड़ी, दीप लैलर कसान, बिन्दर सिरटा, जोगिंद्र कुंडू, सोनू सजुमा, सूखा मालखेड़ी, विक्रम चहल, अमन दलाल, जोरा भैणी माजरा, देवीलाल शेरू खेड़ी आदि किसान मजदूर मौजूद रहे।

### फिरौती गैंग चलाने वाले गिरोह के तीन सदस्य काबू

**कैथल (अप्रस)।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा विदेश में बैठ कर फिरौती गैंग चलाने वाले गिरोह के 3 सदस्य काबू कर लिए गए हैं। उनके कब्जे से एक देशी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई तरसेम कुमार की टीम सांयकालीन गश्त के दौरान मूंदड़ी पशु अस्पताल के पास मौजूद थी। वहां पुलिस को जानकारी मिली कि मोनु गुर्जर निवासी छपरिया जिला करनाल तथा प्रवीण निवासी नैना विदेश में बैठ कर विभिन्न जगहों पर फिरौती की मांग करते हैं तथा ना देने पर फायरिंग करवा देते हैं। उन्होंने फिरौती की मांग करने के लिए विभिन्न लड़कों को अपन गैंग में शामिल कर रखा है। इस गैंग का सदस्य सिसला निवासी जीतू इस समय गैंग के अन्य सदस्यों के पास देशी पिस्तौल भिजवाने के लिए मुंदड़ी नहर पुल के पास खड़ा है। पुलिस ने मुंदड़ी नहर पुल के पास दबिश देकर जीतू को काबू कर लिया। जांच में उसके कब्जे से .32 बोर का एक अवैध देसी पिस्तौल तथा 2 कारतूस बरामद हुए। उसके खिलाफ थाना पूंडरी में मामला दर्ज करके एसआई विरेंद्र सिंह ने गिरफ्तार कर लिया। जीतू से पूछताछ के बाद उनके गिरोह में शामिल कठवाड़ निवासी गुरुनाथ तथा रसूलपुर निवासी शिवकुमार को भी काबू कर लिया गया। सभी मंगलवार को अदालत में पेश किए गए जहां से आरोपी गुरुनाथ का 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया तथा शेष दोनों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### महिलाओं को करवाया सूर्य नमस्कार का अभ्यास



**इंद्री (अप्रस/सीमा देवी)।** मंगलवार को इंद्री के गांव खेड़ा व्यायाशाला में योग आयोग हरियाणा के निर्देशानुसार व जिला में आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में आयुष योग सहायक मीनाक्षी ने महिलाओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार 12 योगासनों को मिलाकर बनाया गया है हर एक आसन का अपना एक महत्व है। इसे करने से कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य अच्छा होता है। शरीर में खून का संचार अच्छे से होता है। सूर्य नमस्कार के अभ्यास से तनाव कम होता है। सूर्य नमस्कार के करने के कुछ ही समय के बाद आप अपने शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य में बहुत अंतर पाएंगे । सूर्यनमस्कार के करने से आपका सौंदर्य बढ़ता है व वजन कम करने में काफी सहयोग मिलता है। सर्दी के मौसम में सूर्य नमस्कार करने से शरीर में गर्मी पैदा होती है जिससे हमें ठंड का अनुभव बहुत ही कम होता है। जिससे बीमार होने की संभावना बहुत ही कम हो जाती है। इस अवसर पर , मीनाक्षी, सहित गांव की महिलाएं उपस्थित रही। सभी को सूर्यनमस्कार का अभ्यास कराया गया इस दौरान सभी को योग द्वारा शारीरिक,बौद्धिक रूप से विकसित होकर निरोगी रहने का मूल मंत्र (पहला सुख निरोगी काया )का महत्व बताया गया।

# टीडीके सोहना में जल्द पूरा करेगी प्रोजेक्ट, युवाओं को मिलेगा रोजगार

जापानी प्रतिनिधियों ने सीएम से मुलाकात में प्रोजेक्ट्स पर की चर्चा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आज एक जापानी डेलिगेशन ने मुलाकात की और हरियाणा में लगाए जा रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर चर्चा हुई। डेलिगेशन में फुमियो सशीडा, चेयरमैन, काजुनूबो मियाके, गुआन जैमिन, जनरल मैनेजर, एटीएल व सुमित शामिल थे।

डेलिगेशन ने बताया कि जापानी कंपनी टीडीके सोहना में बड़ा प्लांट लगा रही है। इससे न केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी उत्तरोत्तर वृद्धि होगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता व विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि विदेशी निवेश को आकर्षित करने व विदेशी निवेशकों की मदद के लिए विदेश सहयोग विभाग स्थापित किया गया है। अनेक बड़ी कंपनियां आज हरियाणा में अपने प्रोजेक्ट्स लगाने की इच्छुक हैं। सरकार ने निवेशकों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर व कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध कराई है जिसके चलते आज गुरुग्राम सहित एनसीआर रीजन में अनेक नामी कंपनियां निवेश करने की इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि कि प्रोजेक्ट्स को शुरू करने के लिए सभी प्रकार की जरूरी सुविधाएं अब एक छत के नीचे उपलब्ध हो रही है। इसी के चलते हरियाणा निवेशकों की पहली पसंद बन गया है।

# हरियाणा में ब्लाक स्तर पर खुलेंगे मिनी बाल भवन

## स्लम एरिया में वर्चुअल क्लासरूम प्रोजेक्ट को दी जाएगी गति

बेसहारा बच्चों का सहारा बनेगी बाल कल्याण परिषद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद ने जिला स्तर के बाद अब ब्लॉक स्तर पर मिनी बाल भवन खोलने का एक्शन प्लान तैयार किया है। नए साल पर परिषद का ब्लाक स्तर पर मिनी बाल भवन खोलना नया विजन है। परिषद ने बड़े जिलों के ब्लाक में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही बेसहारा बच्चों को सहारा देने के साथ भिक्षावृत्ति को रोकने पर भी परिषद पूरी तत्परता के साथ काम करेगी।




हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद ने नए साल में नए विजन तैयार किए हैं। इनमें मिनी बाल भवन के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास, स्लम एरिया में बच्चों को शिक्षा के साथ जोड़ना और नई शिक्षा नीति के तहत निशुल्क ब्लेंडेड लर्निंग की कोचिंग का विजन है। यही नहीं,स्लम एरिया में वर्चुअल क्लासरूम के इनोवेटिव एजुकेशनल प्रोजेक्ट को बढ़ावा दिया जाएगा।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि अधिकारियों को बाल श्रम रोकने व बाल श्रम स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए।

बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता का कहना है कि बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन होंगे। इनमें डांस, पेटिंग, ड्राइंग, गीत व भाषण सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। जिला स्तर पर प्रतिभा खोज कार्यक्रमों के आयोजन के साथ राज्य स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही बाल महोत्सव के जरिये भी बच्चों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

सुषमा गुप्ता के अनुसार प्रदेशभर के हर जिले में परिषद की ओर से बाल भवन संचालित हैं। इनमें अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

### हंस सद्भावना मंदिर में जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**कैथल (अप्रस)।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर एक्ट ऑफ काइंडनैस कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। सतपाल महाराज की प्रेरणा से पूरे भारत में आज यह अभियान चल रहा है। कार्यक्रम महात्मा अनुरक्ति बाई के मार्गदर्शन में सुचारू रूप से संचालित किया गया जिसमें झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों की पहचान कर उनकी कंबल देकर मदद की गई ताकि ठंड के समय गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति को किसी प्रकार की दिक्कत ना आए। समिति द्वारा समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करके इन लोगों की मदद की जाती है एवं सामाजिक कार्यों के लिए दूसरों को भी प्रोत्साहित किया जाता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सतपाल महाराज का जो मानवता का संदेश है उसे संदेश को भली भांति कैथल की शाखा द्वारा प्रसारित किया जा रहा है।

# करनाल की बेटयां बनीं प्रधानमंत्री के समक्ष देश की बेटियों की आवाज

## कहा- मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा में स्किल, भ्रूण हत्या पर सोच बदले बिना यह अंसभव

प्रधानमंत्री मोदी जी के सामने 2047 के भारत को लेकर प्रजेंटेशन दिए

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 14 जनवरी।** करनाल का नाम अपनी सोच से ऊंचा कर चुकीं करनाल की दो बेटियां अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रुबरू हुई। उन्होंने दि ल्ली के भारत मंडपम में आयोजित युवा उत्सव में प्रधानमंत्री के सामने अपना प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम में मैंटर की हैसियत से भाग लिया।



इस कार्यक्रम से लौट कर दोनों बहनें आज करनाल पहुंचीं। यहां उनका स्वागत किया गया। उन्होंने लहैट कर बताया कि इस दो दिवसी य कार्यक्रम में 2047 में विकसित भारत किस तरह से बनें इस पर प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम में शिक्षा में सुधार, मानसिक विकास मानसिक स्वास्थ्य और बेंटियों की सुरक्षा और कन्या भ्रूण हत्या विषय पर बात की। उन्होंने बताया कि वह युवा खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मिलीं। उनसे अपने विषयों को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उनका प्रजेंटेशन में कहना था कि मानसिक स्वासथ्य पा ध्यान दिए बिना विकसित भारत की कल्पन करना व्यर्थ है। इसके रहते स्कूलों कालेजों और कार्यस्थलों पर मानसिक स्वस्थ्य को लेकर व्यवस्था मानसिक चैकअप जैसे विषयों पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि स्कूल और कालेजों में स्किल पर ध्यान दियाजाए। नंबर की दौड़ को समाप्त किया जाए। इसके साथ ही भ्रूण हत्या पर राक लगाने के लिए प्रयास करने कीबात कही।

पिछलें दिनों में कन्या जन्म दर गिरी हैं। आज से 11 साल पहले उन्होंने बेटियों को बचाने की अपील के साथ पीएमको पत्र लिखा था। इनमें से एक आस्ट्रेलिया में एक दिन की सांसद बन चुकी हैं। करनाल की बेनर्जी सिस्टर्स संजोली बैनर्जी तथा अन्या बनर्जी 11 और 12 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडापम में आयोजित विकसित भारत यूथ डायलॉग 2025 में भााग ले कर लहैटीं। इसमें देश भर से अढ़ाई लाख युवाओं ने भाग लिया। दोनों बहनों, संजोली (25) और अनन्या बैनर्जी (21) को युवा मंत्रालय से निमंत्रण मिला था।

दोनों बेटियों को युवा व खेल मंत्रालय तथा स्पोर्ट्स के युवा आईकोन के तौर पर भाग लिया। जिसमें उन्हें पूर्ण भारत से भाग लेने वाले युवाओं को मैंटर्स किया। दोनों बहने करनाल स्थित, सारथी नामक संस्था चलाती हैं जिसके द्वारा वे मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा व मासिक धर्म और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का काम करती हैं। वे भारत के सात से ज्यादा राज्यों और 1.5 लाख से ज्यादा लोगों तक पहुंच चुकी हैं।

इस अवसर पर उन्हें प्रधानमंत्री मोदी से मिलने व अपनी सोच रखने का अफसर मिलेगा। आनंद महिंद्र, सुपर 30 के आनंद कुमार, भाईचंग भूटिया जैसे गणमान्य व्यक्तियों के साथ मंच साझा करने का अफसर मिला। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने उनकी बात को ध्यान से सुना। प्रधानमंत्री ने 2047 के भारत को लेकर अपनी कल्पना सांझा की।

# सब जूनियर एवं कैडेट स्टेट जूडो में कैथल की टीम बनी चैंपियन

8 गोल्ड, 6 सिल्वर और 7 कांस्य पदक सहित जीते कुल 21 पदक

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 14 जनवरी।** दनौदा में संपन्न हुई सब जूनियर एवं कैडेट स्टेट जूडो चैंपियनशिप में इतिहास रचते हुए कैथल की सब जूनियर टीम लड़के और लड़कियां दोनों वर्गों में चैंपियन बनी। कैडेट लड़कों में भी चैंपियन और लड़कियों में रनर अप रही। संदीप कुमार डीपी सचिव जिला जूडो संघ ने बताया कि कैथल ने 8 गोल्ड, 6 सिल्वर और 7 कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक जीते। जूडो कोच जोगिंदर ने बताया कि विहान, जशन, यश, हेतल, दिशा, जैशना, गुरप्रीत, प्राची और खुशी का चयन 18 से 22 तक पूणे महाराष्ट्र में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के लिए टेक सिंह जूडो कोच, राज रानी जिला खेल अधिकारी कैथल, हरिओम शर्मा, राजकमल ढांडा, अनिल कुमार प्रेसिडेंट अवार्डी, सुमित शर्मा, सुखबीर राविश, अमरजीत राविश और सपना जूडो कोच ने खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। सब-जूनियर लड़कों के 35 किलोग्राम भार वर्ग में नमन कांस्य, 45 किलोग्राम भार वर्ग में विहान स्वर्ण, 50 किलोग्राम भार वर्ग में जशन स्वर्ण, 50 किलोग्राम भार वर्ग में जशन रजत, 55 किलोग्राम भार वर्ग में यश स्वर्ण पदक विजेता रहे। इनके कोच राजेश व मैनेजर डीपीई मनोज कुमार हजवाना थे। इसी प्रकार लड़कियों के 32 किलोग्राम भार वर्ग में तेजस्वी कांस्य, 36 किलोग्राम भार वर्ग में हेतल स्वर्ण, 44 किलोग्राम भार वर्ग में दिशा स्वर्ण, 52 किलोग्राम भार वर्ग में जैशना स्वर्ण, 52 किलोग्राम भार वर्ग में सिमरन कांस्य और 57 किलोग्राम भार वर्ग में वशु रजत पदक विजेता बनी। इनके कोच डीपीई संदीप कुमार दीवाल और मैनेजर ऋषिपाल जूडो कोच थे। कैडेट लड़कों के 55 किलोग्राम भार वर्ग में गुरप्रीत स्वर्ण, 55 किलोग्राम भार वर्ग में चिराग रजत, 60 किलोग्राम भार वर्ग में कृष रजत, 66 किलोग्राम भार वर्ग में विनीत कांस्य, 90 किलोग्राम भार वर्ग में इलेश रजत और 90 प्लस किलोग्राम भार वर्ग में प्रिंस कांस्य पदक विजेता रहे। टीम कोच संजु जुडो कोच और मैनेजर डीपीई संदीप कुमार गुहणा थे। कैडेट लड़कियों के 40 किलोग्राम भार वर्ग में एकता कांस्य, 44 किलोग्राम भार वर्ग में प्राची रजत, 52 किलोग्राम भार वर्ग में खुशी स्वर्ण और 63 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिज्ञा ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। इनके कोच जितेंद्र और मैनेजर पीजीटी इंदिरा कैथल रहे।

# राज्यपाल ने नशामुक्त हिमाचल के लिए सामूहिक प्रयासों का समर्थन किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** जिला सोलन के अर्की में 'खेल खिलाओ-नशा भगाओ' अभियान के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सामुदायिक प्रयासों के माध्यम से नशे की लत से निपटने के महत्व पर जोर दिया। अर्की वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित एक माह तक चलने वाले इस अभियान की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह अनूठी और प्रभावशाली पहल समाज को नशे के दुष्प्रभाव से मुक्त करने के लिए प्रभावी बनाती है। राज्य की समृद्ध परंपराओं और मूल्यों की रक्षा और संवर्धन के लिए सामाजिक जागरूकता के साथ-साथ सरकारी एवं सामूहिक प्रयास भी आवश्यक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर, मैंने एक वर्ष पूर्व हिमाचल प्रदेश में नशा विरोधी अभियान आरम्भ किया था। हालांकि प्रगति धीरे-धीरे हुई है, लेकिन इस खेल-आधारित जागरूकता कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन सकारात्मक गति को दर्शाता है।

श्री शुक्ल ने कहा कि इस तरह की पहल तभी सफल हो सकती है जब इसे राजनीतिक प्रभावों से मुक्त रखा जाए। इस आंदोलन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए उन्होंने महिलाओं को नशे की लत के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने वाली सबसे मजबूत ताकत बताया। वीरता की भूमि के



रूप में हिमाचल की समृद्ध विरासत को दर्शाते हुए उन्होंने चिंता व्यक्त की कि युवाओं में नशे की लत भविष्य की पीढ़ियों को कमजोर कर सकती है।

राज्यपाल ने पंचायती राज प्रतिनिधियों से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह किया। राज्यपाल ने 'खेल-खिलाओ-नशा भगाओ' अभियान के माध्यम से युवाओं, अभिभावकों, शिक्षकों और समुदायों के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वह लोगों को स्वास्थ्य और सकारात्मकता को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में परिवारों, स्कूलों, समाज और सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक ऐसा हिमाचल बनाएं, जहां हमारे युवा नशे की बेड़ियों से मुक्त होकर शिक्षा, खेल और सामुदायिक जुड़ाव के माध्यम से सशक्त बनकर प्रदेश के विकास में सहयोग दें। उन्होंने निरंतर और ईमानदार प्रयासों के माध्यम से बदलाव लाने और नशामुक्त हिमाचल बनाने के लिए एकजुट प्रतिबद्धता का आह्वान किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर आयोजित महिला रस्साकशी प्रतियोगिता के फाइनल मैच का भी आनंद लिया। उन्होंने क्रिकेट और रस्साकशी प्रतियोगिता की विजेता टीमों को पुरस्कृत भी किया।

इससे पहले, कार्यक्रम के समन्वयक सुरेंद्र ठाकुर ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए एक महीने तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

पूर्व विधायक गोविंद ठाकुर, राज्य गऊ सेवा प्रमुख दिनेश शास्त्री और समाजसेवी म्यूराक्षी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# वन संरक्षण मीटिंग से कई अधिकारी गायब, डीसी ने 7 को भेजा नोटिस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में वन संरक्षण अधिनियम की समीक्षा मीटिंग से गैरहाजिर रहने वाले अधिकारियों पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त मुकेश रैप्सवाल ने 5 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित इस मीटिंग का उद्देश्य जिले में चल रही विकास परियोजनाओं के लिए वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) की मंजूरी से जुड़े मामलों की समीक्षा करना था। चंबा जिले की विशेष स्थिति को देखते हुए यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण थी, क्योंकि यहां की अधिकांश सरकारी भूमि वन विभाग के अधीन आती है। ऐसे में किसी भी विकास कार्य को शुरू करने



से पहले एफसीए की अनुमति अनिवार्य है। डीसी रैप्सवाल ने कहा कि अधिकारियों की अनुपस्थिति से विकास कार्यों में अनावश्यक देरी हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नोटिस प्राप्त करने वाले अधिकारियों को अपनी अनुपस्थिति का उचित कारण बताना होगा। यह कार्रवाई उन सभी अधिकारियों के लिए एक सख्त संदेश है, जो महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेने को प्राथमिकता नहीं देते।

# प्रदेश सरकार वनों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां गैर सरकारी संस्था 'नीडल लीफ फाउंडेशन -द सेवियर' द्वारा प्रदेश में कार्यान्वित की जाने वाली दो परियोजनाओं का शुभारम्भ किया। संस्था द्वारा इन परियोजनाओं के माध्यम से वनों की आग के नियंत्रण और युवाओं में नशा निवारण व रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा वन संरक्षण व वनों की आग को नियंत्रित करने के लिए बहुआयामी उपाय सुनिश्चित किये गए हैं। इसके दृष्टिगत आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थों व नशीली दवाओं के दुरूपयोग के लिए व्यापक स्तर पर अभियान आरम्भ



किया गया है। मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंतरराज्यीय स्तर पर समन्वय से कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्था के प्रयासों से सरकार द्वारा इस दिशा में किये जा रहे कार्यों को संबल मिलेगा।

संस्था के अध्यक्ष सुनील ग्रोवर ने नवीन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव के.के. पंत, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, नीडल लीफ फाऊंडेशन के सदस्य डा. अनिल चौहान, प्रदीप कुमार, एस.एन.कपूर, अजय कोचर, कोषाध्यक्ष राजीव सूद और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सुक्खू ने वित्त विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिविर्तन के ध्येय के साथ आदर्श वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनुशासन की दिशा में कारगर कदम उठाये हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी कार्य या परियोजना के लिए बजट आवंटन के उपरान्त उसे पूर्ण करने के लिए निर्धारित अवधि की अक्षरशः अनुपालना की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार, राज्य के संसाधनों का संतुलित उपयोग कर समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से वित्त प्रबंधन पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। उन्होंने लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग के सभी लंबित बिलों का भुगतान करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने ई-वितरण, बजट, व्यय, ट्रेजरी इत्यादि से संबंधित विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, सचिव वित्त अभिषेक जैन, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, विशेष सचिव वित्त व निदेशक कोष व लेखा रोहित जम्वाल, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, अतिरिक्त निदेशक दीपक भारद्वाज और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जय राम ठाकुर तथ्यहीन बयानबाजी कर लोगों को गुमराह करने का कर रहे प्रयास : विक्रमादित्य सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज यहां जारी प्रेस वक्तव्य में कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर तथ्यहीन बयानबाजी कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जय राम ठाकुर टेऊजरी के सम्बन्ध में अनर्गल व भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं जोकि मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति के बारे में कोरी कल्पनाएं करना जय राम ठाकुर की आदत बन गई है। जबकि वास्तविकता यह है कि मात्र एक दिन यानि 13 जनवरी, 2025 को ही प्रदेश के टेऊजरी से 550 करोड़ रूपये के बिल पास हुए हैं, जिससे लगभग 10000 लाभार्थियों की अदायगी सुनिश्चित हुई है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश की ट्रेजरी सिर्फ तभी बंद होती है जब प्रदेश सरकार द्वारा उस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर अधिसूचित किया हो। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं के हवा-हवाई वक्तव्य पिछले दो वर्षों में कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों और परिवर्तनकारी पहलों के बारे में विपक्ष की समझ और जागरूकता की कमी को दर्शाते हैं। इन नेताओं ने वास्तविक प्रगति को स्वीकार करने के बजाय निराधार आलोचनाओं के साथ जनता को गुमराह करने का विकल्प चुना है।

मंत्रियों ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। हिमाचल प्रदेश दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बना है। प्रदेश के किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत दूध के समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। गाय के दूध का एमएसपी 32 रुपये से बड़ाकर 45 रुपये प्रति लीटर, जबकि भैंस के दूध का एमएसपी 47 रुपये से बड़ाकर 55 रुपये प्रति लीटर किया गया है। वर्तमान कांग्रेस सरकार ने देश में प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं और मक्का के लिए सबसे अधिक समर्थन मूल्य प्रदान कर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सेब उत्पादकों के लिए यूनिवर्सल कार्टन और मंडी मध्यस्थता योजना के तहत 153 करोड़ रुपये का बकाया चुकाकर बागवानों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को भी पूरा किया है।

## मुख्यमंत्री ने दिए ई-बसों की खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को 327 ई-बसों की खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीद प्रक्रिया से संबंधित सभी औपचारिकताएं समयबद्ध पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए 100 मेटाडोर मिनी बसों की खरीद भी की जाएगी। इन बसों की उपलब्धता होने से एचआरटीसी की वित्तीय स्थिति और सेवाओं में भी और सुधार सुनिश्चित होगा।



मुख्यमंत्री ने एचआरटीसी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस उपाय करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समर्पित सेवाओं के कारण निगम की वित्तीय स्थिति में निरंतर सुधार दर्ज किया जा रहा है और निगम की आय में वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि एचआरटीसी की कार्यशैली को दक्ष बनाने के लिए नवीन प्रौद्योगिकी का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। एचआरटीसी ने अपनी बसों में कैशलेस भुगतान विकल्प भी शुरू किया है। हिमाचल प्रदेश परिवहन क्षेत्र में ऐसी सुविधाएं प्रदान करने वाला पहला राज्य बन गया है।

उन्होंने कहा कि एचआरटीसी राज्य की जीवन रेखा की तरह कार्य कर रहा है इसलिए लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करना निगम का सर्वोच्च दायित्व है। मुख्यमंत्री ने निगम के मण्डल व क्षेत्रीय कार्य स्तर तक प्रदर्शन तथा आय व व्यय की समीक्षा भी की और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार आधारभूत संचरना अनिल कपिल, अतिरिक्त मुख्य सचिव आर.डी. नजीम, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, एचआरटीसी के प्रबन्धक निदेशक रोहन चन्द ठाकुर, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# चिंतपूर्णी मंदिर में अब प्रति श्रद्धालु 300 रुपए में होंगे सुगम दर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चिंतपूर्णी।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी मंदिर में अब सुगम दर्शन प्रणाली में बदलाव लागू हो गया है। यहां सुगम दर्शन के लिए नई व्यवस्था की गई है। मकर संक्रांति पर मंगलवार से मंदिर ट्रस्ट ने इसकी व्यवस्था शुरू की है। अब प्रत्येक व्यक्ति को सुगम दर्शन प्रणाली यानी लिफ्ट के जरिए दर्शन के लिए 300 रुपए का शुल्क देना होगा।

इससे पहले 5 व्यक्तियों के संयुक्त दल के लिए 1100 रुपए का शुल्क निर्धारित था। इसके लिए श्रद्धालुओं को या तो 5 की संख्या पूरी करनी होती थी या एक या 2 श्रद्धालुओं को भी 1100 रुपए अदा करना पड़ता था। अब एक श्रद्धालु 300 रुपए देकर सीधे तौर पर भी दर्शनों के लिए जा सकता है। मंदिर ट्रस्ट ने काफी पहले ऐसी व्यवस्था करने का फैसला किया था, लेकिन इसकी अब अधिसूचना जारी कर यह व्यवस्था आज से लागू कर दी है।

मंदिर ट्रस्ट ने व्यवस्था की है कि रविवार, संक्रांति, नवरात्र मेला एवं नववर्ष के मौके पर आयोजित मेले के दिनों में सुगम दर्शन पर्ची के लिए 500 रुपए प्रति व्यक्ति यह शुल्क होगा। बुजुर्गों व दिव्यांगों को यह सुगम दर्शन पर्ची 100 रुपए की दर से लगाई जाएगी। मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने माना कि मंदिर आयुक्त के आदेशों के बाद नई व्यवस्था को लागू कर दिया गया है। साधारण दिनों में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन प्रणाली के लिए 300 तो विशेष दिवसों पर यह शुल्क 500 रुपए होगा।

# मझाट के जंगलों में शरारती तत्वों ने लगाई आग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुल्लू।** मझाट जंगल में मंगलवार दोपहर को लगी आग पर करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। मझाट पहाड़ी क्षेत्र में दूर-दूर तक आग की लपटें उठती दिखाई दीं। ग्रामीण मकर संक्रांति के दिन आग बुझाने में जुटे रहे। आग से करीब 200 हैक्टेयर क्षेत्र की वनस्पति जल गई। आग गांव की पहाड़ी ओर बढ़ने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। दमकल गाड़ी भी जंगल तक नहीं पहुंची।



बाला राम व कृपा राम ने बताया कि मंगलवार दोपहर के समय आग टडारी गांव से शुरू हुई जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। लोगों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया जिससे आधा दर्जन मकानों को बचाया। उन्होंने कहा कि जिसने भी आग लगाई है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# एचआरटीसी चालक ने मौत से पहले आरएम पर लगाए संगीन आरोप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। मंडी जिला के धर्मपुर में एचआरटीसी बस चालक द्वारा आत्महत्या से पहले क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मपुर पर लगाए गए संगीन आरोपों की जांच के लिए निगम के प्रबंधक निदेशक ने आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि कुल्लू जिले के बदाह का रहने वाला संजय धर्मपुर डिपो में चालक के पद पर तैनात था। बीते दिन उसने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। मौत से पहले उसने क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मपुर पर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और वेतन रोकने के आरोप लगाए थे, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसका संज्ञान लेते हुए निगम के प्रबंधक निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने अब मामले की जांच के आदेश दिए



हैं। वहीं आरएम धर्मपुर का कहना है कि सभी आरोप निराधार हैं। चालक को वेतन मिल रहा था। वह 7 से 12 जनवरी तक छुट्टी पर था। उन्होंने बताया कि परिजनों ने आत्महत्या मामले की जानकारी उन्हें फोन पर दी थी। आरएम के अनुसार चालक संजय रामपुर से अंडर सस्पैंड होकर धर्मपुर ट्रांसफर हुआ था। उसके खिलाफ ड्रंक एंड ड्राइव का केस चला चला हुआ था। उसने घरेलू हिंसा की बात कहकर छुट्टी के लिए आवेदन किया था और छुट्टी स्वीकृत भी नहीं करवाई थी।

# दिल्ली के हाट में सिरमौरी हाटी की नाटी ने मचाया धमाल

## हिम महोत्सव दिल्ली में सिरमौरी लोकनृत्यों की धूम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन ।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार डॉ. जोगेन्द्र हाब्बी ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा दिल्ली हाट में 1 से 15 जनवरी तक हिम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हिम महोत्सव का आयोजन उद्योग विभाग, हिमाचल क्राफ्ट, पर्यटन विभाग, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वाधान में किया जा रहा है।

हाटी जनजातीय क्षेत्र के चूड़ेश्वर सांस्कृतिक मंडल, पझौता के लोक कलाकारों ने डॉ. जोगेंद्र हाब्बी के निर्देशन में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 11 से 13 जनवरी तक हाटी की नाटी के अंतर्गत महाभारत कालीन ठोडा नृत्य, रिहाल्टी गी, दीपक नृत्य, मुंजरा नाटी, परात नृत्य, रासा नृत्य, पढ़ुंआं नृत्य, लंबड़ा नृत्य तथा सिरमौर का लगभग पांच सौ साल पुराना सिंहटू नृत्य प्रस्तुत कर भारतवर्ष के अनेकों राज्यों से आए दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

ग्यारह जनवरी की सांस्कृतिक संध्या में मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश श्री प्रबोध सक्सेना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा तेरह जनवरी की सांस्कृतिक संध्या में उद्योग मंत्री श्री हर्षवर्धन चौहान मुख्य अतिथि रहे। हिम महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन में निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग डॉ. पंकज ललित के निर्देशानुसार तथा सहायक निदेशक बिहारी लाल शर्मा की देखरेख में भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया गया जिसमें सिरमौर के अलावा शिमला, किन्नौर, हमीरपुर, मंडी तथा कांगड़ा आदि जनपदों से लोक कलाकारों को अलग-अलग समय पर लोक नृत्यों के प्रदर्शन हेतु आमंत्रित किया। चूड़ेश्वर सांस्कृतिक दल में डॉ. हाब्बी के अलावा प्रसिद्ध लोक गायक रामलाल वर्मा, बिमला चौहान, अमी चंद, जितेंद्र, निशांत, देवी राम, सोहनलाल, नरेंद्र, अमन, अनुजा, प्रिया, रेखा, किरण, प्रीति, सुरेंद्र, राजेश, आदि लोक कलाकार शामिल थे।

# शिमला में खाई में गिरी कार, एक की मौत, 2 लोग घायल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में कार खाई में गिर गई, जिससे कार सवार की मौत हो गई। जबकि 2 लोग घायल हो गई। घटना कुमारसैन की है। मरने वाले की उम्र 22 साल है। 12 जनवरी की शाम को एक मारुति 800 कार (नंबर एचपी 52ए 7685) शैला गांव से वापस कुमारसैन की तरफ आते समय फिसलकर खाई में गिर गई। पुलिस के अनुसार, कार को मोहित सोनी चला रहे थे और उनके साथ मोहम्मद हुसैन और मोहित कश्यप सवार थे। शाम करीब 8 बजे जब वे छैला से लौट रहे थे, तब ड्राइवर की लापरवाही और तेज गति के कारण कार नियंत्रण से बाहर होकर पहाड़ी से नीचे गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीनों घायलों




को खनेरी अस्पताल रामपुर में भर्ती कराया गया, जहां अगले दिन 13 जनवरी को उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के धामपुर निवासी मोहम्मद हुसैन (22) की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और ड्राइवर मोहित सोनी के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

## स्कूटी सवार महिला की मौत

**नादौन।** थाना क्षेत्र नादौन के अंतर्गत तरेटी गांव के निकट पेश आई सड़क दुर्घटना में एक स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान बबली देवी (45) पत्नी सुभाष चंद निवासी गांव बोहड़ खालसा (ज्वालामुखी) के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार महिला अपने पति सुभाष चंद के साथ स्कूटी पर भूंपल गांव से वाया तरेटी अपने घर जा रही थी। जैसे ही ये लोग तरेटी के निकट मौनी बाबा की कुटिया के पास पहुंचे तो सुभाष चंद स्कूटी से नियंत्रण खो बैठा। इसी दौरान यहां से गुजर रहे ट्रक के साथ स्कूटी की टक्कर हो गई, जिससे स्कूटी पर सवार बबली देवी सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के तुरंत बाद महिला को नादौन अस्पताल पहुंचाया गया परंतु रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बबली देवी अपने पीछे एक विवाहित बेटी, पति व बेटे को छोड़ गई है। जखोटा पंचायत प्रधान सुमित राणा ने सरकार व प्रशासन से इस निर्धन परिवार की आर्थिक सहायता की मांग की है। जांच अधिकारी एसआई नरेश कुमार नादौन ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।





# मकर संक्रांति का पर्व प्रतीक है परिवर्तन का, सामाजिक समरसता का, एकता व बंधुत्व का: डा. श्रीप्रकाश मिश्र

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 14 जनवरी।** भारत के सभी पर्व उत्सव प्रकृति संरक्षण और सामाजिक समरसता की भावना से युक्त हैं। जहाँ एक ओर प्रकृति के संरक्षण और समानता का संदेश है, वहीं दूसरी ओर सामाजिक समरसता का संदेश है। मकर संक्रांति भी इसी प्रकार का पर्व है। मकर संक्रांति भारत में विविध रूप से मनायी जाती है। इसमें भारतीय संस्कृति की विविधता झलकती है। लेकिन भाव भूमि समान है। यह विचार मकर संक्रांति एवं मातृभूमि सेवा मिशन के 22वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर श्री राम कुष्ठ आश्रम में आयोजित नारायण सेवा संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री राम हरि संकीर्तन से हुआ। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा श्री राम कुष्ठ आश्रम के प्रत्येक परिवार को कम्बल, राशन सामग्री आदि वितरित की गई।

# हरियाणा हरि, शिव, कृष्ण एवं वीरों की भूमि है: कृष्ण बेदी

## गांव उझाना एवं धरोदी के कार्यक्रमों में कैबिनेट मंत्री बेदी का फूलमालाओं के साथ किया स्वागत

मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने लगभग 4 करोड़ रूपये की राशि के मंजूर किए विकास कार्य

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 14 जनवरी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हरियाणा त्योहारों की धरती है और प्रत्येक त्यौहार जन मानस को समरस्ता, आपसी प्रेम तथा भाईचारे का संदेश देता है। प्रदेश के त्योहारों में मकर संक्रांति का अपना विशेष महत्व है। इस दिन हरियाणा वासी कन्या एवं गाय की पूजा करते हैं तथा अपनी सामर्थ्य अनुसार उन्हें दान व दक्षिणा देकर देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

यह विचार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मंगलवार को गांव उझाना में बाबा खाक नाथ डेरा उझाना तथा बाबा जमीन नाथ गौशाला धरोदी में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। गांव उझाना में मकर संक्रांति के वार्षिक उत्सव के दौरान मेडिकल चैकअप व रक्तदान शिविर भी लगाया गया।

श्री बेदी ने आगे कहा कि अन्य त्यौहारों की तरह मकर संक्रांति के त्यौहार पर भी सभी हरियाणवीं एक दूसरे को बधाई देते हैं और देव ऋषियों से प्रत्येक व्यक्ति के सुखमय जीवन की कामना करते हैं। हरियाणा को हरि, शिव, कृष्ण एवं वीरों की भूमि भी माना जाता है और अनेक त्यौहारों पर पवित्र तीर्थ स्थानों में स्नान करके प्रत्येक व्यक्ति पूण्य कमाता है। आज मकर संक्राति का पावन पवित्र और बड़ा ही सौभाग्य का दिन है। यदि कोई मनुष्य पावन तीर्थ स्थान पर स्नान करता है तो उसे बहुत ही पूण्य मिलता है। गांव उझाना के निवासी बड़े ही सौभाग्यशाली है कि यह स्थान उनके गांव में स्थित है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने श्री श्री 1008 सिद्ध बाबा खाक नाथ जी के आसन उझाना में पूजा अर्चना की और तीर्थ पर स्नान भी किया।

उन्होंने कार्यक्रम के आयोजको द्वारा रखी गई सभी मांगों जैसे तीर्थ का सौंदर्यकरण, पार्किंग स्थल को पक्का करने, डेरा के चारों तरफ के रास्ते को पक्का करने तथा लाईटें लगवाने, श्रद्धालुओं के लिए शैड का निर्माण इत्यादि मांगों का एस्टीमेट बनवाकर काम शुरू करवाने का आश्वासन दिया तथा ग्राम पंचायत द्वारा गांव के विभिन्न विकास कार्यों के लिए रखी गई लगभग एक करोड़ रूपये की मांग को मंजूर करते हुए पूरा करने का आश्वासन दिया।

इसके अलावा कैबिनेट मंत्री ने गांव धरोदी में बाबा जमीन नाथ गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा रखी गई मांग गौशाला में शैड के लिए 90 लाख रूपये, ट्रैक्टर सहित चारा काटने मशीन के लिए 35 लाख रूपये, एनिमल क्रिमीनेशन इनसिनरेटर के लिए 35 लाख रूपये की जो लगभग 1 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत के कार्यों को अगले वित्त वर्ष में पूरा करने आश्वासन दिया तथा मौके पर गौशाला के लिए 25 लाख रूपये देने की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि देवताओं एवं तपस्वियों द्वारा दिए पोराणिक संदेशों के अनुरूप ही वर्तमान केंद्र व राज्य सरकार सर्व समाज के कल्याण की भावना को आगे बढ़ा रही है। मानव समाज के कल्याण के साथ-साथ गो रक्षा एवं कन्या सम्मान के लिए भी सरकार अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इनमें गौ रक्षा आयोग का गठन, गोपालक को सरकार द्वारा मानदेय देना तथा बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान महत्वपूर्ण है, जिनके सकारात्मक परिणाम भी दृष्टिगोचर हो रहे है। वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति का गौ पालन तथा कन्या शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने गायों के लिए अनेक योजनाएं चलाई हुई है। इस मौके पर महंत योगी पीर राजनाथ, महंत योगी पीर पूर्ण नाथ, आईपीएस कुलदीप चहल, महारानी इंद्रजीत कौर, पूर्व ओएसडी अमरजीत सिंह, डॉ. दीपक नैन, बिनैन खाप के प्रधान रघबीर नैन, उप प्रधान भगत राम, गौशाला के प्रधान ईश्वर सिंह, सरपंच अमित धरोदी, सरपंच सुनील उझाना, रंगी राम धमतान, अमित ढाकल, ईश्वर सिंह, हंसराज समैन, विशाल मिर्धा, पंचायत समिति अध्यक्ष नरवाना बिट्टू नैन, पंचायत समिति अध्यक्ष उझाना गुरमेल सिंह, बलदेव वाल्मीकि, सुशील नायक एडवोकेट, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।






# आम जनता से जुड़े कार्यों को तीव्रता से पूरा करें अधिकारी: संजीव अत्रि

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 14 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रदेश में जिला एवं उपमण्डल स्तर पर समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में नारायणगढ उमण्डल में भी समाधान शिविर लघु सचिवालय के कान्फ्रेस हॉल में प्रत्येक कार्य दिवस में आयोजित किया जा रहा है।

मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्रि ने लोगों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिये है कि आम जनता से जुड़े कार्यो को अधिकारी विशेष ध्यान देकर तीव्रता दिखाएं और समयबद्ध तरीके से आम जनता से जुड़े कार्य पूरा करें। उन्होने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि अन्तोदय के ध्येय पर चलते हुए अधिकारी प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाये।

समाधान शिविर में सात समस्याएं आई जिनमें वार्ड 4 के मोहन लाल ने वृद्धावस्था पैंशन से सम्बंधित, गांव नगौली की सुनिता देवी ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने, गांव उज्जल माजरी के मीनू देवी ने परिवार पहचान पत्र से सम्बंधित समस्या रखी। नारायणगढ के हरबंश लाल ने साफ-सफाई एवं गलियों की रिपेयर के बारे में तथा गांव छोटी बस्सी के रधुबीर सिंह ने गोहर में पेड़ों से सम्बंधित से समस्या रखी।

# मकर संक्रांति पर गौमाता की सेवा अत्यंत पुण्य कार्य: सुभाष बराला



अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 14 जनवरी।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मकर सक्रांति के पावन अवसर पर टोहाना स्थित शिव नंदीशाला में गौमाता की सेवा की। इस दौरान सांसद ने गौमाता को हरा चारा खिलाकर आशीर्वाद लिया और गौमाता के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली लाए। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पर स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व होता है। गौसेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है, और गौमाता की सेवा करना अत्यंत पुण्य कार्य माना गया है। सनातन धर्म में गाय का अपना अलग ही महत्व है। आदि काल से ही गौमाता को भारतवर्ष में माता का दर्जा दिया गया है। कहते हैं कि गाय में जितनी सकारात्मक ऊर्जा होती है उतनी किसी अन्य प्राणी में नहीं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश वर्तमान सरकार गौसंवर्धन एवं गौशालाओं के विकास के लिए कटिबद्ध है। सरकार ने हाल ही में गौशाला के बजट में बढ़ोतरी की है। इससे गौसंवर्धन कार्य में सुधार किया जाएगा और गौशालाओं की स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पर्व पर गौमाता की सेवा करना अपने आप में एक बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने गौसेवा को भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा कि गौ माता न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि हमारे पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। सांसद ने शिव नंदीशाला द्वारा गौमाता के लिए किए गए प्रबंधों व व्यवस्थाओं की सराहना की और कहा कि ऐसी संस्थाएं समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इस मौके पर नंदीशाला के प्रबंधक, समाजसेवी, और बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।













Bathinda: Santi 9780809351, Ludhiana 1: Raj 9814688000, Ludhiana 2: D.L Medical 9855603111, Sangrur 1: Ambay 9463559867, Sangrur 2: Rama 7696897760, Batala: Anmol 9464731685, Rampura: Deepak 9478759676, Rajpura: Deepak 9872213317, Jagron: Dr. Gupta 9417086337, Amritsar 1: G.S Medicine 9888453620, Amritsar 2: Khushab 7837215211, Amritsar 3: New Punjab 9876050155, Ferozpur 1: Ganpati 9463427229, Ferozpur 2: Parwaz 9417380555, Barnala 1: Garg 9815143319, Barnala 2 : Krishna 9815014111, Barnala 3: Om Prakesh 8146947152, Rahon: Gee Medical 9814940353, Tapa: Gill Medical: 9417638448, Hoshiarpur: Gokal 9814093906, Mansa 1: Goyal 9815563046, Mansa 2: Durga 9815131467, Kharar 1: Jain 9988378785, Kharar 2: P.C Jain 9988389896, Pathankot: Khanduja 9814133798, Jalandhar 1: Maddan 9815200866, Jalandhar 2: SR. Agencies 9815011423, Kotakpura: Mahadev 9872761234, Abohar: Mohit 9464205979, Nabha: Jain 9815251507, Moga: Romy 9417231231, Patiala: Raman 9888941352, Mour Mandi: SR. Agencies 9417581575, Kapurthala: SK. Traders 9417313133, Rama Mandi: SS. Pharma 9988224445, Malerkotla: Sher Trading 9814446658, Patiala: Shivom 9463074891, Bhagta: Yash 9815958279, Muktsar: Avinash 9814913366, Mansa: Satish 9878956037, Nawashehr: Friends 9815990901, Samana: Arora 9855710052, Tarantaran: Anmol 9256156672, Firozpur Cantt: Shiva 9855243377, Firozpur City 1: Varinda 9417448148, Firozpur City 2: Kamal 9877186485, Khanna: Gill 9872482735, Khanna: Vishal 9329800007, Rampura Phul 1: Panna Lal 9317557705, Rampura Phul 2: Prem Kumar 9815771690, Rampura Phul 3: Bharat 9876540399, Rampura Phul 4 : Deepak 9478459676, Faridkot 2: Labha Ram 8556800090, Faridkot 3: Kanshi Ram 8054270764, Ambala: Ram Kishan 9255151333, Fatehbaad 3: Rameshwer 9812490666, Rohtak: Jaswant 9996797007

# सब्जी व अनाज आढ़तियों में मतभेद, काम काज प्रभावित

अर्थ प्रकाश/खुशविंदर धालीवाल



**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** चंडीगढ़ फल व सब्जी मंडी सेक्टर 26 चंडीगढ़ के सब्जीयों में टमाटर के थोक विक्रेता आज कल दुविधा में है कि वह जाए तो जाए कहाँ क्योंकि उनके और अनाज के थोक विक्रेताओं के बीच में एक टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। बात शुरू होती है अनाज के आरटीओ के लिए बनाया गया प्लेटफार्म कोरोना कल के बाद से ही टमाटर के थोक विक्रेताओं को बाकायदा 2 प्रतिशत फीस वसूलने के बाद मार्केट कमेटी सेक्टर 26 ने उन्हें अपनी कारोबारी गतिविधियां चलाने के लिए दिया हुआ है।

यहां आपको बता दें कि अनाज व धान की मंडी जो 10 साल पहले सेक्टर 26 से बचने का सेक्टर 39 में चली गई थी। लेकिन उनके आरती वहां जाने को तैयार नहीं है उन्होंने अपने अपने ऑफिस यही सेक्टर 26 में ही शोरूम में बना रखे हैं। टमाटर का व्यापार करने वाले आढती व वह को रात को 8:00 बजे से लेकर सुबह 7:08 बजे तक अपना यहां पर कारोबार करते हैं। पिछले एक हफ्ते से सर्दी ज्यादा पढ़ने की वजह से उनका कामकाज थोड़ा घटा दो घंटा लेट हो जाता है। और अनाज मंडी खुलने के वक्त तक यह प्लेटफॉर्म क्लियर नहीं हो पाता क्योंकि यहां पर अनाज के व्यापारी आढती हैं वह अपनी गाड़ियां यहां पर पार्क करने लग गए हैं। अरिहंत फ्रूट एंड वेजिटेबल संगठन के पदाधिकारी अनुसार 11 तारीख को का व्यापार करने वाले आरती आए तो उन्होंने टमाटर से भरे हुए ट्रक जबरदस्ती वहां से हटवा दिए उनके साथ धक्का मुक्की की और उनके वर्कों को इसको लेकर जब हमारे संवाददाता ने जब मार्केट कमेटी के सेफ्टी से बात की तो उन्होंने पंजाब एग्रीकल्चर प्रोड्यूसर्स मार्केट लाकर आर्टिकल्स तारा का हवाला देते हुए कहा कि प्लेटफार्म सिर्फ खरीद फॉक के लिए और ग्रीन मार्केट व फल सब्जी विक्रेताओं की कारोबार के लिए है ना की पार्किंग के लिए।



हम पिछले पांच साल से यहाँ मार्किट कमेटी की स्वकृति से फीस भर कर काम कर रहे है ये जगह पहले धान व गेहूं की ढूलाई के काम आती थी दस साल से ये किसी काम नहीं आ रही थी मार्किट कमेटी ने हमें दे दी। तीन दिन पहले ग्रेन मार्किट एसोसिएशन के कुछ पदाधिकारी आए और हमारे करिंदो को धमाकाया हमारे माल से भरे ट्रक भी जबरदस्ती यहाँ से बाहर निकाल दिए उस दिन टमाटर की बिक्री नहीं हो सकी हमारा काफी नुकसान हुआ हम प्रशासन व मार्किट कमेटी से न्याय की मांग करते है।

**-कस्तूरी लाल शर्मा**
**सचिव अरिहंत सब्जी आढ़ती एसोसिएशन**
**मार्किट सेक्टर 26 चंडीगढ़**



2020 से ये जगह हमें मार्किट कमेटी की तरफ से टमाटर ट्रेडिंग के लिए दी गई है जिसकी हम फीस भी भर रहे है रात को आठ बजे से हमारा काम शुरू होता है और सुबह आठ बजे तक नब्बे प्रतिशत खत्म हो जाता है फिर भी काम समेटते समेटते हमें दस बज जाते है। पिछले कोई पंद्रह दिन से ग्रेन मार्किट एसोसिएशन की तरफ से हमें परेशान किया जा रहा है हम पर दबाव बनाया जा रहा है हम ये जगह खाली करे यहाँ काम ना करे ये जगह ग्रेन मार्किट एसोसिएशन अपनी निजी पार्किंग के लिए उपयोग में लाना चाहती है जो सरासर गलत है

**हरिओम खन्ना**
**टमाटर उत्पादक व व्यापारी**
**फल व सब्जी मंडी सेक्टर 26 चंडीगढ़**



ग्रेन मार्किट एसोसिएशन का किसी से भी ना कौन झगड़ा हुआ है ना ही मतभेद हम बस ये चाहते है टमाटर व्यापारी अपना काम समय रहते खत्म करे सुबह पार्किंग की कोई दिक्कत ना ही सारी जगह गंदगी से भरी रहती है टमाटर के क्रेट इधर उधर बड़ी मात्रा में पड़े रहते जिसकी वजह से ग्राहकों का आना भी कम हुआ है

**मोहित सूद**
**प्रधान ग्रेन मार्किट एसोसिएशन**

पंजाब खेतिबाड़ी उत्पादक कानून के अनुच्छेद सतरह के तहत सेक्टर 26 की अनाज, सब्जी व फल मार्किट के सारे कार्य स्थल केवल क्रय विक्रय के लिए है जिनमे गेहूं व धान ढूलाई प्लेटफॉर्म भी आता है जब तक सेक्टर 26 से अनाज व धान का क्रय विक्रय सेक्टर 39 की धान मंडी में हुआ है ये प्लेटफार्म निष्क्रिय था कोरोना काल के बाद से ही ये प्लेटफार्म टमाटर व्यापारियों को काम करने को दिया हुआ है जिसकी बाकायदा फीस वसूली जाती है द्य यहाँ किसी भी प्रकार का अतिक्रमण मान्य नहीं चाहे वो वाहनों से हो या अन्य किसी भी प्रकार से

**-राजिंद्र कुमार**
**सचिव मार्किट कमेटी सेक्टर 26 चंडीगढ़**

# पुलिस ने एक्टिवा चोरी कर घूम रहे दो आरोपियों को किया काबू



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** थाना 19 पुलिस ने एक्टिवा स्कूटर चोरी कर घूम रहे दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान गांव धनास के रहने वाले संजीव कुमार और दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया एक्टिवा स्कूटर भी बरामद कर लिया।

जानकारी के मुताबिक पता चला कि थाना पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर पता चला था कि चोरी किए एक्टिवा स्कूटर पर दो आरोपी एरिया में घूम रहे है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना 19 की प्रभारी इंस्पेक्टर ऊषा रानी की टीम ने आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ।

पुलिस ने तुरंत उन्हे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी संजीव के खिलाफ अलग अलग थानों में कई मामले दर्ज पाए गए। जबकि आरोपी दीपक के खिलाफ एक मामला दर्ज पाया गया है। पकड़े गए आरोपियो को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपियो को न्यायकि हिरासत में भेज दिया।

# अधिकारियों के लिए 13 लाख रुपए की लागत से बनेगा वीआईपी मोबाइल टायलेट

लग्ज़री सुविधाओं से लैस होगा पहला ऐसा मोबाइल टायलेट

प्रशासन ने टेंडर निकालकर 20 जनवरी तक मांगी बिड

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** प्रशासन की ओर से अधिकारियों के लिए लग्ज़री सुविधाओं से लैस वीआईपी मोबाइल टायलेट बनवाया जा रहा है जिसका प्रयोग फील्ड में अधिकारियों के लिए किया जाएगा। वीआईपी मोबाइल टायलेट बनने पर प्रशासन 13 लाख रुपए का भारी भरकम खर्च कर रहा है।

जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसका टेंडर भी निकाल दिया गया है। इस तरह का वीआईपी मोबाइल टायलेट चंडीगढ़ में पहली बार अधिकारियों के लिए बनाया जा रहा है। सेकंड इनिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आर के गर्ग ने इस पर घोर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि इस तरह की फिजूल खर्ची करने का क्या फायदा? प्रशासन के आला अधिकारी जब भी शहर में किसी कार्यक्रम में जाते हैं तो अधिकतर थोड़ी देर के कार्यक्रम ही होते हैं। ऐसा लग्जरी मोबाइल टायलेट कौन अधिकारी प्रयोग करेगा? इतनी बड़ी राशि से तो आम लोगों के लिए कई मोबाइल टायलेट बनाए जा सकते हैं जो कि शहर को स्वच्छ बनाने में अहम योगदान दे सकते है। प्रशासन की ओर से जो 13 लाख रुपए की लागत का टेंडर निकाला गया है उसके तहत 20 जनवरी तक ठेकेदारों से बिड मांगी गई है।

टेंडर में वीआईपी मोबाइल टायलेट बनाने के लिए दो माह का समय दिया गया है। यह हाई-टेक और लग्ज़री टायलेट आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिसमें , प्रीमियम फिटिंग्स, सेंसर-आधारित वाटर सिस्टम, और स्वचालित हाइजीन मैनेजमेंट जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इस टायलेट का उपयोग विशेष रूप से वीआईपी कार्यक्रमों और अन्य आयोजनों के दौरान किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, यह अपने तरह का पहला वीआईपी मोबाइल टायलेट होगा, जो न केवल अत्याधुनिक होगा, बल्कि इसे डिजाइन और गुणवत्ता में भी खास बनाया जाएगा।

हालांकि, इस पर होने वाले खर्च को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने इस पर आपत्ति जताई है और कहा है कि इतनी बड़ी राशि सार्वजनिक कल्याण या बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए खर्च की जा सकती थी। प्रशासन ने तर्क दिया है कि यह टायलेट वीआईपी आयोजनों के दौरान सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बनाया जा रहा है।

# हरियाणा के स्कूलों में पढ़ाया जाएगा महाराजा सूरजमल का इतिहास

सरकार ने जारी की अधिसूचना, फैसले से जाट समुदाय सकते में

हरियाणा के फैसले का दिल्ली चुनाव पर होगा असर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** हरियाणा सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए स्कूली पाठ्यक्रम में भरतपुर के महाराजा सूरजमल का इतिहास शामिल किया है। सरकार ने यह इतिहास आठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने को लेकर अधिसूचना जारी की है। दिल्ली चुनाव के मद्देनजर हरियाणा में हुए इस फैसले का बड़ा राजनीतिक महत्व माना जा रहा है। दिल्ली चुनाव में जाट आरक्षण को लेकर भी चर्चा चल रही है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सिरसा के फूलकां गांव में 24 दिसंबर को भारतीय जाट विकास मंच के बैनर तले महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां भारतीय जाट विकास मंच ने मांग उठाई थी कि अन्य महापुरुषों की भांति हिंदू हृदय सम्राट महाराजा सूरजमल की जीवनी को भी स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

हरियाणा में जाट समाज की आबादी करीब 22.2 प्रतिशत है। इसके अलावा, राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पंजाब में भी जाट समाज के लोग रहते हैं।

महाराजा सूरजमल का इतिहास पढ़ाए जाने की मंजूरी पर भरतपुर राजपरिवार के वंशज व पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने भी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है।

हरियाणा में रोहतक, सोनीपत, कैथल, पानीपत, जींद, सिरसा, झज्जर, फतेहाबाद, हिसार और भिवानी जिलों की करीब 35 विधानसभा सीट जाट बाहुल्य सीटें हैं। दिल्ली में हरियाणा से सटी महरौली, नजफगढ़, बिजवासन, पालम, मटियाला, विकासपुरी, नांगलोई जाट, नरेला, रिठाला और मुंडका आदि सीटें ऐसी हैं जहां जाट समाज का दबदबा है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी सत्ता में आने के बाद लगातार जाटों के बीच सक्रियता बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। सीएम सैनी गुरुग्राम में जाट कल्याण सभा के भवन का शिलान्यास कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने हिसार में दानवीर सेठ छाजूराम की जयंती पर हिसार के जाट शिक्षण संस्थान के शताब्दी समारोह में भाग लिया।

## हरियाणा कैबिनेट सात फरवरी को लगाएगी कुंभ में डुबकी

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा की नायब सरकार भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में डुबकी लगाएगी। सरकार के प्रयागराज जाने का कार्यक्रम तय हो गया है। सरकार की कोशिश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरी कैबिनेट को महाकुंभ में लेकर जाने की है। हालांकि अगर मंत्री, सांसद और विधायक अगर अपने हिसाब से महाकुंभ में जाना चाहेंगे तो वे अपने स्तर पर अकेले या परिवार के साथ भी महाकुंभ में जा सकेंगे। सीएम नायब सिंह सैनी का फिलहाल सात फरवरी को महाकुंभ में जाने का प्लान है। प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ है और 26 फरवरी तक चलेगा। हरियाणा से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के प्रयागराज जाने का अनुमान है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को महाकुंभ में लेकर जाने का कार्यक्रम बनाया है। हालांकि प्रदेश से महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में हो सकती है। सीएमओ (मुख्यमंत्री कार्यालय) द्वारा हरियाणा कैबिनेट के प्रयागराज कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। महाकुंभ में हरियाणा के श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए प्रशासन बंदोबस्त करने में जुटा है। इधर, यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की ओर से हरियाणा के स्पीकर हरविन्द्र कल्याण को भी महाकुंभ का विशेष न्योता भेजा है।




अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)